16 Mar -26 page 1 15-03-26 10:13 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। सोमवार 16 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 82 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3








13 साल की जंग: देश में पहली बार मिली इच्छामृत्यु की इजाजत

# एक मार्मिक अंत की शुरुआत...

## हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए

**नई दिल्ली:** देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं।

**लगातार हालात पर नजर बनाए हैं डॉक्टर :** जानकारी के मुताबिक, डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए है। बताया जा रहा है कि यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निर्देशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है।




**निश्चित समयसीमा तय नहीं :** सूत्रों का कहना है कि लाइफ सपोर्ट के कुछ उपकरण हटाए जाने के बाद अब आगे की स्थिति हरीश राणा के शरीर की प्रतिक्रिया और चिकित्सकीय स्थिति पर निर्भर करेगी। डॉक्टरों का मानना है कि निष्क्रिय इच्छामृत्यु की यह प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो सकती है, हालांकि इसके लिए कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है।

**बेटे को मिलेगी एक सम्मानजनक मृत्यु मिलेगी :** इस मामले में शुक्रवार को अमर उजाला की टीम हरीश राणा के घर पहुंची थी। जहां परिवार से बात के साथ हरीश की हालत की भी जानकारी ली गई। पिता अशोक राणा ने बताया कि हरीश को सांस लेने, फीड कराने के साथ मल त्याग के लिए नली लगी हुई हैं। पूरा परिवार उनके साथ रहा है। अब इस घड़ी में उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि किस प्रकार से प्रतिक्रिया देनी है। कुछ भी हो उनका बेटा अब छोड़कर ही जा रहा है। राहत सिर्फ इतनी है कि उसे एक सम्मानजनक मृत्यु मिलेगी।

**सुबह आठ बजे निकला था परिवार :** हरीश को लेकर परिवार शनिवार सुबह आठ बजे एम्स के लिए रवाना हो गया। बेहद गोपनीय तरीके से बिना प्रशासन को सूचना दिए परिवार के लोग निजी वाहन से निकले। पूरे परिवार संग कुछ सगे-संबंधी और बेटों के दोस्त तीन गाड़ियों से रवाना हुए। इस मामले में सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि परिवार ने जाने से पहले सूचना नहीं दी है।

## 'सबको माफ करते हुए, सबसे माफी मांगते हुए सो जाओ', लवली दीदी ने दी विदाई



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में रहने वाले हरीश राणा को अंतिम विदाई देने के लिए साहिबाबाद स्थित मोहन नगर में संचालित ब्रह्मकुमारी केंद्र के प्रभु मिलन भवन की बहन कुमारी लवली दीदी 13 मार्च को उनके घर पहुंचीं। यहां उन्होंने हरीश के माथे पर पहले चंदन का तिलक लगाया और उसके बाद अंतिम विदाई दी। उन्होंने कहा कि सब को सबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए सो जाओ..ठीक है..। बीके लवली ने बताया कि उन्होंने हरीश के लिए मेडिटेशन भी किया। साथ ही उसे शांति से अंतिम विदाई दी। हरीश के माता-पिता को भी ढांढस बंधाया।

"हरीश बचपन में बहुत शरारती था। मैं उसे डांटती तो किसी कोने में जाकर छिप जाता। थोड़ी देर बाद फिर आकर चुपचाप मेरे गले लग जाता। मेरे चेहरे को सहलाने लगता। पहला बच्चा था, इसलिए घर में सबसे ज्यादा लाड़-प्यार उसी को मिला।" यह कहना है उनकी मां निर्मला देवी का। हरीश राणा को दिल्ली एम्स शिफ्ट किए जाने के बाद परिवार भी उनके साथ चला गया है। इससे पहले अमर उजाला से बातचीत में निर्मला देवी ने बेटे की बचपन की यादें साझा कीं। इस दौरान कई बार उनकी आवाज भर्रा गई और आंखों से आंसू छलक पड़े।

शेष, पृष्ठ 2

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा

## पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा चुनाव

### तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान, बाकी राज्यों में 9 अप्रैल को वोटिंग,

### नतीजे 4 मई को

### 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे- सीईसी

5 राज्यों के चुनाव तारीखों के ऐलान



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र औसतन 750-900 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा; 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इस दौरान एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 चुनाव आयोग को यह संवैधानिक दायित्व देता है कि वह सिर्फ पात्र लोगों को ही मतदाता सूची में रखे। चुनाव आयोग यह जिम्मेदारी एसआईआर के जरिए निभाता आया है। जहां तक राजनीतिक व्यक्तियों या राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए राजनीतिक बयानों की बात है, आयोग इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। चुनाव से पहले दिए गए वक्तव्यों या फैसलों पर चुनाव आयोग का टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा।

वहीं आचार संहिता से ठीक पहले हुई घोषणाओं पर उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ राज्यों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले घोषणाएं करने की बात है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारें आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले कोई भी नीति या निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, आचार संहिता लागू होने के बाद इसकी इजाजत नहीं है और पांच राज्यों में यह आचार संहिता अभी से लागू हो गई है। इसके साथ ही चुनावी हिंसा पर सीईसी ने कहा कि राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी कदम को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। जहां तक गलत जानकारी फैलाने या डीप फेक की बात है, हमारे नोडल ऑफिसर इसकी निगरानी करेंगे और उचित लगने पर एफआईआर की व्यवस्था करेंगे।

**'किसी भी लोकतंत्र की नींव शुद्ध मतदाता सूची होती है' :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस दौरान विशेष मतदाता सूची संशोधन के उद्देश्य को समझाते हुए कहा, 'किसी भी लोकतंत्र की नींव शुद्ध मतदाता सूची होती है। इसी उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत विशेष गहन संशोधन किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। मैं इस कार्य में शामिल सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों, सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों, मतदाता पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और सभी चुनाव अधिकारियों को इसके सुचारू संचालन और सफल समापन के लिए बधाई देता हूं।'

**राजनीतिक दलों के आरोप और चुनावी हिंसा पर आयोग का जवाब :** चुनावी तारीखों के एलान के बाद चुनाव आयोग से कई सवाल पूछ गए। जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोप, आचार संहिता से ठीक पहले हुई घोषणाओं के साथ-साथ चुनावी हिंसा के सवाल पर सीईसी ने जवाब दिए हैं। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 चुनाव आयोग को यह संवैधानिक दायित्व देता है कि वह सिर्फ पात्र लोगों को ही मतदाता सूची में रखे। चुनाव आयोग यह जिम्मेदारी एसआईआर के जरिए निभाता आया है। जहां तक राजनीतिक व्यक्तियों या राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए राजनीतिक बयानों की बात है, आयोग इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। चुनाव से पहले दिए गए वक्तव्यों या फैसलों पर चुनाव आयोग का टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा।

**आचार संहिता से ठीक पहले हुई घोषणा :** उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ राज्यों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले घोषणाएं करने की बात है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारें आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले कोई भी नीति या निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, आचार संहिता लागू होने के बाद इसकी इजाजत नहीं है और पांच राज्यों में यह आचार संहिता अभी से लागू हो गई है।

**चुनावी हिंसा पर ईसीआई का जवाब :** उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी कदम को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।





## बंगाल चुनाव से पहले सीएम ममता का बड़ा दांव

# पुजारी और मुअज्जिनों की मानदेय राशि बढ़ाने का एलान



**सीएम ने राज्य के पुजारी और मुअज्जिनों की मासिक मानदेय राशि 500 रुपये बढ़ाकर 2000 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की है।**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गर्माहट बढ़ गई है। राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी रण की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में जारी रैलियों और रणनीति बैठकों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत उन्होंने राज्य के पुजारी और मुअज्जिनों की मासिक मानदेय राशि 500 रुपये बढ़ाकर 2000 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की है। इस बात की जानकारी सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के माध्यम से दी है।

अपने पोस्ट में सीएम ने कहा कि ये लोग हमारी समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें यह सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही, जिन्होंने नए आवेदन राज्य सरकार को प्रस्तुत किए थे, उन्हें भी मंजूरी दे दी गई है। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार हर समुदाय और परंपरा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक को पूरा सहयोग और मान्यता मिले।

**कर्मचारियों और पेंशनरों को लेकर भी बड़ा एलान :** इसके साथ ही सीएम ममता बनर्जी ने बंगाल के कर्मचारियों और पेंशनरों को लेकर भी बड़ा एलान किया। एक अलग पोस्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ-साथ राज्य के शैक्षिक संस्थानों के लाखों शिक्षक और गैर-शिक्षक स्टाफ, तथा पंचायत, नगरपालिका और अन्य स्थानीय निकायों के कर्मचारियों/पेंशनरों के लिए अपना वादा पूरा कर दिया है।

### इसी साल मिलेगा बकाया डीए

सीएम ने कहा कि अब ये सभी लोग वेतन और भत्तों का पुनरीक्षण नियम (2009) के डीए बकाया की राशि मार्च 2026 से प्राप्त करना शुरू कर देंगे। इसे लागू करने की पूरी प्रक्रिया और नियम सरकारी नोटिफिकेशन में स्पष्ट किए गए हैं। ममता बनर्जी ने बताया कि यह कदम कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है और इसका उद्देश्य सभी को समय पर आर्थिक लाभ सुनिश्चित करना है।

# 13 साल की जंग: देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

## एम्स में अब धीरे-धीरे हटेगा हरीश का लाइफ सपोर्ट




**नई दिल्ली:** 13 साल के संघर्ष के बाद हरीश राणा सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के फैसले के बाद शनिवार को एम्स में शिफ्ट किए गए। उन्हें बेहद ही गोपनीय तरीके से एम्स के पैलिएटिव केयर विभाग में शिफ्ट किया गया है। विभाग में विशेषज्ञों की निगरानी में हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

**बेटे को मिलेगी एक सम्मानजनक मृत्यु मिलेगी :** इस मामले में शुक्रवार को अमर उजाला की टीम हरीश राणा के घर पहुंची थी। जहां परिवार से बात के साथ हरीश की हालत की भी जानकारी ली गई। पिता अशोक राणा ने बताया कि हरीश को सांस लेने, फीड कराने के साथ मल त्याग के लिए नली लगी हुई हैं। पूरा परिवार उनके साथ रहा है। अब इस घड़ी में उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि किस प्रकार से प्रतिक्रिया देनी है। कुछ भी हो उनका बेटा अब छोड़कर ही जा रहा है। राहत सिर्फ इतनी है कि उसे एक सम्मानजनक मृत्यु मिलेगी।

**सुबह आठ बजे निकला था परिवार :** हरीश को लेकर परिवार शनिवार सुबह आठ बजे एम्स के लिए रवाना हो गया। बेहद गोपनीय तरीके से बिना प्रशासन को सूचना दिए परिवार के लोग निजी वाहन से निकले। पूरे परिवार संग कुछ सगे-संबंधी और बेटों के दोस्त तीन गाड़ियों से रवाना हुए। इस मामले में सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि परिवार ने जाने से पहले सूचना नहीं दी है। उन्हें कई बार कॉल किया, इसके बाद एक कर्मचारी को भी फ्लैट पर भेजा गया, जहां ताला लगा मिला।

**पड़ोसी क्या बोले :** राज एंपायर सोसायटी के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक राणा का परिवार 13वें फ्लोर पर रहता है। उनके फ्लैट के पास ही लिफ्ट है। उस लिफ्ट से व्हीलचेयर पर बैठाकर हरीश को बेसमेंट-2 में ले जाया गया। इसके बाद वही व्हीलचेयर छोड़कर निजी गाड़ी से परिवार रवाना हुआ। यहां से जाते हुए सभी की आंखें नम थीं।

**कौन-कौन गया साथ :** पड़ोसी नरेंद्र ने बताया कि वह आठ बजे निकले और साढ़े नौ बजे तक एम्स पहुंच गए। साथ में पिता अशोक राणा, मां निर्मला देवी, छोटा बेटा आशीष, बहन भावना और उसके पति संग आशीष के दोस्त और एकाध हरीश के दोस्त भी गए। कुछ अन्य रिश्तेदार भी गए।

## मां का छलका दर्द...मैं डांटती तो छिप जाता, फिर आकर गले लग जाता

## 'पिछले 13 साल से देख रही हूं बेटे की पीड़ा, अब सहा नहीं जाता'

### 'सबको माफ करो, सबसे माफी मांगते हुए सो जाओ', लवली दीदी ने दी विदाई



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में रहने वाले हरीश राणा को अंतिम विदाई देने के लिए साहिबाबाद स्थित मोहन नगर में संचालित ब्रह्मकुमारी केंद्र के प्रभु मिलन भवन की बहन कुमारी लवली दीदी 13 मार्च को उनके घर पहुंचीं। यहां उन्होंने हरीश के माथे पर पहले चंदन का तिलक लगाया और उसके बाद अंतिम विदाई दी। उन्होंने कहा कि सब को सबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए सो जाओ..ठीक है..। बीके लवली ने बताया कि उन्होंने हरीश के लिए मेडिटेशन भी किया। साथ ही उसे शांति से अंतिम विदाई दी। हरीश के माता-पिता को भी ढांढस बंधाया।

"हरीश बचपन में बहुत शरारती था। मैं उसे डांटती तो किसी कोने में जाकर छिप जाता। थोड़ी देर बाद फिर आकर चुपचाप मेरे गले लग जाता। मेरे चेहरे को सहलाने लगता। पहला बच्चा था, इसलिए घर में सबसे ज्यादा लाड़-प्यार उसी को मिला।" यह कहना है उनकी मां निर्मला देवी का।

हरीश राणा को दिल्ली एम्स शिफ्ट किए जाने के बाद परिवार भी उनके साथ चला गया है। इससे पहले अमर उजाला से बातचीत में निर्मला देवी ने बेटे की बचपन की यादें साझा कीं। इस दौरान कई बार उनकी आवाज भर्रा गई और आंखों से आंसू छलक पड़े।

निर्मला देवी के अनुसार, हरीश का जन्म 12 सितंबर 1993 को दिल्ली में हुआ था। उस दिन पूरा परिवार खुशी से झूम उठा था। घर में गीत गाए गए थे।

### हरीश राणा की बचपन की यादें साझा करते हुए छलका बेबस मां का दर्द



**गाजियाबाद।** हरीश बचपन में बहुत शरारती था। मैं उसे डांटती तो किसी कोने में जाकर छिप जाता। थोड़ी देर बाद फिर आकर चुपचाप मेरे गले लग जाता। मेरे चेहरे को सहलाने लगता। पहला बच्चा था, इसलिए घर में सबसे ज्यादा लाड़-प्यार उसी को मिला।" यह कहना है उनकी मां निर्मला देवी का।

हरीश राणा को दिल्ली एम्स शिफ्ट किए जाने के बाद परिवार भी उनके साथ चला गया है। इससे पहले अमर उजाला से बातचीत में निर्मला देवी ने बेटे की बचपन की यादें साझा कीं। इस दौरान कई बार उनकी आवाज भर्रा गई और आंखों से आंसू छलक पड़े।

निर्मला देवी के अनुसार, हरीश का जन्म 12 सितंबर 1993 को दिल्ली में हुआ था। उस दिन पूरा परिवार खुशी से झूम उठा था। घर में गीत गाए गए थे। उनके अनुसार हरीश कभी किसी चीज के लिए जिद नहीं करता था। जो भी समझाया जाता, उसे प्यार से मान लेता था।

**पढ़ाई में शुरू से था होनहार :** निर्मला देवी ने बताया कि हरीश की 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। इसके बाद वह बीटेक करने के लिए चंडीगढ़ चला गया। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा पढ़ाई में शुरू से बहुत होनहार था। पंजाब यूनिवर्सिटी में भी टॉपर रहा।

## दिल्ली-एनसीआर में एलपीजी संकट के बीच बड़ी राहत

# अब लकड़ी जलाकर भी खाना बना सकेंगे, सीएक्यूएम ने दी अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और उद्योगों को लकड़ी, डीजल या बायोमास जलाने की अनुमति मिल गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गैस के भारी संकट को देखते हुए यह अस्थायी छूट दी है। इससे एलपीजी और प्राकृतिक गैस की कमी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वैश्विक ऊर्जा संकट और केंद्र सरकार के नए प्राकृतिक गैस आपूर्ति आदेश-2026 के कारण गैस की सप्लाई कम हो गई है। होटल-उद्योग बंद होने की कगार पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय और गैस कंपनियों से बातचीत के बाद सीएक्यूएम ने पुराने आदेश में बदलाव कर दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने भी 12 मार्च को सभी राज्यों को ऐसे वैकल्पिक ईंधन की सलाह दी थी।

### दो दिन में दो लाख से अधिक के इंडक्शन बिके

राजधानी में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के बीच इंडक्शन की चार दिनों में रिकॉर्डतोड़ बिक्री हुई है। सदर बाजार मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि केवल दो दिनों में ही बाजार में दो लाख रुपये से अधिक के इंडक्शन चूल्हे बिक चुके हैं। इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। समयपुर बादली स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक व किचन सर्विस की दुकान के संचालक ने बताया कि पीजी में रहने वाले और कामकाजी लोग इंडक्शन को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

# दिल्ली के नेचर बाजार में आग लगी 40 दुकानें जलकर हुईं खाक




**नई दिल्ली।** रविवार सुबह दिल्ली के अंधेरिया मोड़ इलाके में स्थित नेचर बाजार में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते करीब 40 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों का नुकसान होने की आशंका है। हादसे में अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग को सुबह लगभग 7 बजकर 37 मिनट पर अंधेरिया मोड़ स्थित नेचर बाजार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और तुरंत 10 दमकल गाड़ियां मौके के लिए रवाना कर दी गईं। आग की भयावहता को देखते हुए, अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास शुरू किए। दमकल विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत की और आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। हालांकि, आग की चपेट में आने से लगभग 40 दुकानें पूरी तरह से जल गईं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

हालांकि किसी भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन आग से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जली हुई दुकानों में रखे सामान, नकदी और अन्य कीमती वस्तुएं आग की भेंट चढ़ गईं। प्रशासन द्वारा नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आग लगने के कारणों की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में बारिश




**झारखंड में चार दिनों तक होगी हल्की बारिश**

**नई दिल्ली।** देश का विशेषकर उत्तर भारत का मौसम रविवार से फिर बदलने वाला है। रविवार तड़के सुबह ही दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पहाड़ी राज्यों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर शुरू हो सकता है, जबकि उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कुछ राज्यों में भी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश और आंधी की स्थिति बन सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 15 मार्च को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में, 15 और 18 मार्च को हिमाचल प्रदेश में, 15 और 16 मार्च को उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में, तथा 16 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज हवाओं को लेकर ह्यऑरेंज अलर्टह्ण जारी किया है। इसके अलावा सोमवार और बुधवार के लिए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर ह्येलो अलर्टह्ण जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान हिमाचल प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान ताबो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं ऊना में दिन का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राज्य में सबसे अधिक था। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि 17 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में फिर से बारिश और बादलों की गतिविधि बढ़ सकती है।

**राजस्थान में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं :** राजस्थान में भी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से राज्य के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और बादल गरजने की स्थिति बन सकती है। रविवार को अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

पूर्वी भारत में झारखंड के कई जिलों में भी अगले चार दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार को छोड़कर राज्य के लगभग सभी जिलों में बारिश हो सकती है। विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

# कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र





**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। उन्होंने इस बाबत पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि हमारा संविधान हर भारतीय के लिए बराबरी, इज्जत और हिस्सेदारी का वादा करता है। कांशीराम ने अपनी जिंदगी समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के लिए इन वादों को मतलब देने में लगा दी। ऐसा करके उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया और हमारे पॉलिटिकल सिस्टम को ज्यादा रिप्रेजेंटेटिव और इंसाफ वाला बनाया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, मैं भारत सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी, जिसने करोड़ों बहुजनों को हक, हिस्सेदारी और आत्मसम्मान की राह दिखाई। इस मांग को लेकर मैंने पीएम मोदी को पत्र लिखा है।

एक्स पोस्ट में राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखे पत्र की कॉपी शेयर की। पत्र में उन्होंने लिखा कि मुझे उम्मीद है कि यह पत्र आपको ठीक लगेगा। आज जब हम कांशीराम की जयंती मना रहे हैं और उनकी विरासत और योगदान पर सोच रहे हैं, तो मैं यह रिक्वेस्ट करता हूं कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाए। कांशीराम ने भारतीय राजनीति का स्वरूप बदल दिया।

उन्होंने कहा कि कांशीराम ने अपने आंदोलनों के जरिए बहुजनों और गरीबों में राजनीतिक जागरूकता फैलाई। उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि उनका वोट, आवाज और प्रतिनिधित्व जरूरी है। यह देश सभी का बराबर है। उनकी कोशिशों की वजह से कई लोग जिन्होंने कभी सार्वजनिक जीवन में आने के बारे में नहीं सोचा था, वे राजनीति को न्याय और समानता पाने के एक साधन के रूप में देखने लगे।

राहुल गांधी ने कहा, ₹कई वर्षों से दलित बुद्धिजीवी, नेता और एक्टिविस्ट कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं।

उनकी मांग लगातार बनी हुई है और इसे गहराई से महसूस किया जा रहा है। हाल ही में मैं लखनऊ में एक प्रोग्राम में गया था, जहां मौजूद नेताओं और लोगों ने इस मांग को जोरदार तरीके से दोहराया, जो एक आम भावना को दिखाता है। उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने से हमारे देश के लिए उनके बहुत बड़े योगदान को पहचान मिलेगी।

# तेलंगाना में हुई ड्रग्स पार्टी में बड़ा खुलासा

## सांसद और पूर्व विधायक की रिपोर्ट आई पॉजिटिव




**हैदराबाद।** तेलंगाना के मोइनाबाद में एक फार्महाउस पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान यहां चल रही एक पार्टी में कथित ड्रग्स लेने के आरोप में टीडीपी सांसद पुट्टा महेश कुमार और पूर्व बीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी समेत छह लोगों को पकड़ा था।

मामले में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रोहित रेड्डी के फार्महाउस पर ड्रग्स पार्टी हो रही है। इसके बाद ईगल फोर्स और स्थानीय पुलिस की टीमों ने मिलकर शनिवार रात वहां छापा मारा। पार्टी के दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर रिवॉल्वर से हवा में तीन राउंड गोलियां भी चलाईं।

पुलिस ने मौके पर ही पार्टी में शामिल 11 लोगों की जांच की। इसके लिए 'यूरिन ड्रग टेस्टिंग किट' का इस्तेमाल किया गया। शुरूआती जांच में पूर्व विधायक रोहित रेड्डी समेत पांच लोग ड्रग्स के लिए पॉजिटिव पाए गए। हालांकि, आंध्र प्रदेश के एलुरु से टीडीपी सांसद महेश कुमार का शुरूआती टेस्ट नेगेटिव आया था।

# रोहिणी में उबर चालक ने महिला से की छेड़छाड़, शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी में उबर बाइक टैक्सी से सफर कर रही महिला से चालक ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी चालक दिल्ली के बादली निवासी सचिन (34) को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी सचिन दिल्ली के बादली गांव का निवासी है। उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है।




पुलिस के अनुसार घटना 12 मार्च की है। महिला ने मोबाइल एप के जरिये रोहिणी सेक्टर-15 से पीतमपुरा जाने के लिए उबर बाइक टैक्सी बुक की थी। सफर के दौरान चालक ने महिला के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। महिला ने जब उसके व्यवहार पर आपत्ति जताई तो आरोपी ने उसे चुप रहने और शोर न मचाने की धमकी दी। बाद में चालक महिला को पीतमपुरा के एफयू ब्लॉक के पास छोड़कर चला गया।

16 Mar -26 page 3 15-03-26 10:14 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 16 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का कांटा

Vineet Sharma
19m ·
जब वो संभाले पर आयेंगे..।।
तब कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा..।।
#highlight



# भगवा खेमे में अफवाहों के नाम रहा रविवार का दिन
# पंजाबी-बाल्मीकि-ओबीसी महिलाओं पर होती रही चर्चा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवा संगठन की टीम घोषित होनी है। लखनऊ में मंथन चल रहा है और गाजियाबाद में प्रशिक्षण सत्र चल रहा है। सीन कुछ ऐसा है कि शरीर प्रशिक्षण वर्ग में है और दिल दिमाग लखनरऊ पड़ा है। मैसेज की हर टोन पर नेताओं की निगाहें जा रही हैं। वो एक चर्चा जो चैन से नहीं बैठने दे रही वो ये है कि लिस्ट आ रही है , लिस्ट आ रही है। पर्यवेक्षक , विधायकों से लेकर सांसद की पसंद के नाम ले गये हैं। लखनऊ में बैठक चल रही है लेकिन सूत्र बताते हैं कि कई चेहरों के नाम पर पेंच फंस गया है। कुछ चेहरों को लेकर लखनऊ से गाजियाबाद फोन हुए हैं। कुछ चेहरों के लिए दिल्ली वालों ने लखनऊ वालों को फोन कर दिये हैं। प्रयास सब कर रहे हैं और फिलहाल केवल कयास लग रहे हैं। कभी किसी का नाम तेजी से चलने लगता है तो कभी किसी का नाम तेजी से उछल्ल जाता है। रविवार क दिन भी अफवाहों के नाम रहा।

अफवाह इसलिए कि अचानक से किसी का नाम चलता था और फिर थोड़ी देर बात दूसरा नाम सुनाई देने लगता था। पंजाबी चेहरे की बात चलती तो पूरे गौरव से वो नाम चलता कि सबका खोपड़ा उसी ओर घूम जाता। ब्राह्मण फैक्टर पर चर्चा होती और किसी चेहरे की गूंज को लेकर पूरा माहौल गुंजायमान होने लगता। ठाकुर फैक्टर पर चर्चा चलती तो कभी नदियापार के ठाकुर का नाम आता तो कभी लाईनपार के ठाकुर का नाम आता। बाल्मिकि समाज की बात चलती तो कभी शहर वाले चौहान का नाम आता तो कभी नदियापार वाले आर्य के नाम का जिक्र होने लगता। बहरहाल रविवार का दिन अफवाहों के नाम रहा। कभी ओबीसी चेहरे पर चर्चा चलती तो लाईनपार वाले नागर जी का नाम आता तो कभी नदियापार वाले कसाना जी के नाम पर चर्चा होने लगती। कभी किसी गुर्जर चेहरे को लेकर इस बात का फसाना उठता कि कसाना ही आयेंगे। कभी किसी कांत को लेकर बात चलती है। बहरहाल पूरा दिन चर्चाओं में रहा। महिलाओं में कभी ठाकुर लेडी की टॉप प्योरिटि वाले नाम में रनिता सिंह का नाम आता तो कभी ब्राह्मण फैक्टर अनिता शर्मा का नाम चलने लगता। एक चौधरी के नाम को लेकर ओबीसी फैक्टर में देर तक चर्चा रही। संघ वालों ने किसका नाम दिया है इस पर चर्चा रही। रविवार का दिन अफवाहों के नाम रहा और सभी कयास लगाते रहे।

## महामंत्री की रही डिमांड और मोर्चों को लेकर माहौल है अभी शांत

करंट क्राइम। अगर राजनीतिक गर्मी के लिहाज से देखें तो इस समय पॉलिटिकल केन्द्र बिंदु में भाजपा है। वजह भी है कि भाजपा अब अपनी हर ताजपोशी को ईवेंट बनाकर चल रही है। वो चुनावी तैयारियों से भी पूरा माहौल बनाये हुए है। यहां अब बूथ अध्यक्ष की भी नियुक्ति होती है तो बूथ क्षेत्र में रहने वाले बड़े पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि बूथ अध्यक्ष के घर जाते हैं, उसके पद की नेमप्लेट लगाते हैं। मिठायी आती है। यहां तो महानगर की टीम के खिलाड़ी घोषित होने है तो फिर इसकी चर्चा और जोश स्वभाविक है। चर्चाओं में इस समय सबसे ज्यादा हॉट डिमांड महामंत्री पद को लेकर है। सूत्र बताते हैं कि महामंत्री बनने के लिए सबसे ज्यादा संघर्ष चल रहा है। टीम में मंत्री और उपाध्यक्ष भी आने हैं लेकिन यहां जोर महामंत्री पद के लिए लग रहा है। उपाध्यक्ष पद के लिए भी कई नाम हैं। बताते हैं कि एक बड़ी फेहरिस्त वो भी है जो सिर्फ इतना चाहती है कि महानगर कार्यकारिणी में उनका नाम आ जाये। रविवार को प्रशिक्षण वर्ग में भी चर्चा इसी मुद्दे पर थी। खास बात ये है कि अभी मोर्चों को लेकर मोर्चा नहीं खुला है। ऐसा नहीं है कि मोर्चों पर ध्यान नहीं है, लेकिन अभी सब अपने अपने प्रयासों को गति महानगर की टीम में आने पर दे रहे हैं। मोर्चों को लेकर भी मोर्चा खुलेगा और यहां पर सबसे ज्यादा कम्पटीशन वाला सीन युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और ओबीसी मोर्चा को लेकर रहेगा। प्रकोष्ठ और मोर्चे बहुत हैं और यहां संगठन अपने कई चेहरों को समायोजित करेगा।

## नामित पार्षदों की सूची में आयेगा कोई ट्विस्ट

करंट क्राइम। वैसे तो नगर निगम के सदन का आधे से भी बहुत ज्यादा कार्यकाल निकल चुका है। अगर गौर से देखें तो केवल लगभग डेढ़ साल का कार्यकाल बचा है। नामित पार्षदों वाली कृपा की चर्चा पूरे जोर पर चल रही है। यहां वरिष्ठता को वरियता मिलेगी या किसी युवा चेहरे को भी मौका मिलेगा। अगर पिछली लिस्ट को देखें तो उसमें नदियापार, लाईनपार, पूर्वांचल, उत्तरांचल से लेकर जातियों का समीकरण भी साधा गया था। महिला कोटे से अर्चना सिंह को पार्षद बनाया गया था। वो बिहार से आती हैं और यहां पूर्वांचल और महिला दोनों का सामन्जस्य बिठाया गया। पंजाबी समाज से सुनिता नागपाल को लिया गया और ये ट्रिपल समीकरण बैठा। जिसमें नदियापार, महिला कोटा और पंजाबी तीनों समावेश हो गये। वैश्य समाज की बात करें तो देवेन्द्र अग्रवाल को नामित पार्षद बनाया गया। ब्राह्मण समाज से दो चेहरे लिये गये थे जिनमें मंडल अध्यक्ष रह चुके राजेश शर्मा और कपिल वशिष्ट के नाम हैं। त्यागी समाज से राकेश त्यागी और दलित समाज से प्रदीप चौहान को नामित पार्षद बनाया गया था। ओबीसी फैक्टर में लाईनपार से सुरेन्द्र नागर को मौका मिला था। अब जब नामित पार्षदों की लिस्ट जारी होनी है तो इस समीकरण को भी ध्यान में रखकर संभावित चेहरों को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं।

## जीडीए बोर्ड सदस्यों में आयेगा किस वैश्य चेहरे का नाम

करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड सदस्य को लेकर भी मंथन चिंतन वाली पारी खेली जा रही है। यहां पर कभी पूर्व महानगर अध्यक्षों को नाम चलता है तो कभी किसी ओबीसी चेहरे का नाम चलता है। सूत्र बताते हैं कि जीडीए बोर्ड वाली लिस्ट के तीन चेहरों में एक चेहरे का सीन वैश्य समाज से हो सकता है। वैश्य समाज के वरिष्ठ भाजपाई को मौका मिल सकता है। ये चेहरा नदिया के उस पार से भी हो सकता है, नदिया के इस पार से भी हो सकता है।

## नवरात्रों में होगी महानगर की टीम घोषित

करंट क्राइम। महानगर टीम की घोषणा को लेकर प्रबल संभावना इस बात की है कि महानगर टीम नवरात्रों में घोषित होगी। उम्मीद यह भी जताई जा रही है कि टीम की घोषणा होने के दो दिन के भीतर जीडीए बोर्ड सदस्यों की भी घोषणा हो सकती है। फिलहाल मंथन महानगर टीम के नामों पर हो चुका है। नाम शॉर्ट लिस्ट हो चुके हैं और सिर्फ घोषणा का इंतजार है।

# सिलेंडर की डिमांड हुई तो किस पार्षद ने लिए हाथ जोड़

## कह दिया आप अगली बार मत देना मुझे वोट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देहात में ग्राम प्रधान और शहर में निगम पार्षद जनप्रतिनिधि वाले सीन की प्रथम सीढ़ी होते हैं। ग्राम प्रधान के क्या काम हैं और पार्षद के क्या काम हैं ये उन्हें भी पता है मगर कई बार वो टीआरपी के चक्कर में दूसरे कामों की भी सुपारी ले लेते हैं। इनका अपना लालच नहीं होता है लेकिन जनता से मना नहीं कर पाते हैं। सरपंच तो फिलहाल रीलीफ में है मगर नगर निगम वाले पार्षद इन दिनों तकलीफ में हैं। टैक्स वाला मुददा उन्हें पब्लिक के बीच घेर रहा है। पार्षद कई मौकों पर कह भी चुके हैं कि हमें चुनाव में जाना है और हम जनता को क्या बतायें कि क्या हुआ है। अभी टैक्स वाला मामला चल ही रहा था कि एक और नयी डिमांड गैस सलेन्डर की आ गयी है। पार्षद से लोग कई बार लाईट जाने पर फोन करके पूछते हैं कि क्यों नहीं आ रही तो फिर गैस सिलेन्डर वाले मामले से पार्षद कैसे बच सकते हैं। जब एक पार्षद के पास कई बार गैस सिलेन्डर की डिमान्ड को लेकर फोन आया तो उन्होंने तंग आकर हाथ जोड़ लिये। मामला भाजपा के एक पार्षद से जुड़ा है ओर पार्षद जी अपने क्षेत्र में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। काम करा पायें या ना करा पायें लेकिन भागदौड़ में कोई कमी मौहल्ले वाले बता नहीं सकते। सूत्र बताते हैं कि पार्षद जी के पास क्षेत्र के ही नागरिक ने फोन किया। उनसे कहा कि आप मुझे गैस सिलेन्डर दिलवा दीजिये। पार्षद जी ने प्रयास किया और गैस सिलेन्डर उपलब्ध करा दिया। मौहल्ले में ये बात जंगल में आग की तरह फैल गयी कि पार्षद जी सिलेन्डर दिलवा रहे हैं। बस फिर क्या था पार्षद जी एक फोन काटें तो दूसरा आये और दूसरा फोन काटें तो तीसरा फोन आये। सभी की एक ही डिमांड कि आप हमें तत्काल सिलेन्डर दिलवायें। पार्षद जी ने किसी को मीठी गोली दी तो किसी को प्यार से टाला। लेकिन बताते हैं कि दो सीनियर सिटीजन महिलाओं ने पार्षद को घेर लिया। पार्षद से कहा कि हम दोनों को दो दो सिलेन्डर दिलवा दो। पार्षद का जुगाड़ एक सिलेन्डर का नहीं था और डिमांड दो सिलेन्डर की आ गयी। पार्षद जी ने पहले प्यार से समझाया और कहा कि मैं प्रयास कर रहा हूं। लेकिन बताया जाता है कि सीनियर सीटिजन महिलाओं ने फिर पार्षद को गाली दे दी।

कह दिया कि वोट मांगने तो बड़ी जल्दी आ जाते हो और अब हम कोई मांग रख रहे हैं तो पूरी नहीं कर रहे हों। सूत्र बताते हैं कि फिर पार्षद जी का भी धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने विनम्रता पूर्वक हाथ जोड़कर मौहल्ले में खड़े होकर महिलाओं से कह दिया कि आप मुझे अगली बार वोट मत देना। मैं वोट मांगन आउं तो भी मत देना लेकिन प्लीज अब सिलेन्डर के लिए मुझपर जोर मत देना।

# संगठन वाले सीन में दिखेगी नदियापार की चहल-पहल क्या रही है यहां हैवीवेट की मजबूत वाली दखल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में कुछ चेहरे होते हैं जो गेम को पूरे माईन्ड सेट पर खेलते हैं। सियासत में कुछ चेहरे होते हैं जो एक थीम बनाकर चलते हैं और फिर टीम अपने आप आ जाती है। सियासत में कुछ चेहरे होते हैं जिनकी बात में वजन होता है और वो हैवी वेट वाली दखल रखते हैं। सियासत की बात करें तो यहां इन दिनों भाजपा संगठन निर्माण को लेकर चर्चा है। महानगर अध्यक्ष की घोषणा लगभग एक साल पहले हो गयी थी और तभी से महानगर की टीम का इंतजार हो रहा है। कप्तान को पुरानी टीम से काम चलाते चलाते एक साल हो गया है और अब इस बात की प्रबल संभावना है कि कप्तान को नयी टीम मिलेगी। लखनऊ में मंथन के दौर में जो बात बाहर निकलकर आयी है वो ये है कि यहां वैसे तो ध्वज प्रणाम वालों से लेकर केन्द्र के कैबिनेट वालों की दखल रही है।

कहीं फोन हुए हैं तो कहीं अनुरोध हुए हैं। बात अगर भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद की करें तो सूत्र बता रहे हैं कि यहां इस पार वालों की उतनी नहीं चली है लेकिन नदिया के उस पार वालों की पूरी चली है। कहने वाले




**सूत्र बताते हैं कि जो टीम आ रही है उसमें हैवी वेट को ज्यादा वेट मिला है, उनकी पसंद के चेहरों को तव्वजो मिली है। जब लिस्ट आयेगी तो नामों को देखकर ये अंदाजा हो जायेगा कि पावर सेन्टर के उस छोर से पूरा जोर लगा है और पावर का जलवा हैवी वेट वालों को दिखाई देगा।**

कह भी रहे हैं कि उन्हें पावर सेन्टर ऐसे ही नहीं कहा जाता है। सूत्र बता रहे हैं कि हैवी वेट दखल ने अहसास करा दिया है कि जब कमल टीम घोषित होगी तो यहां दखल हैवी वेट दिखाई देगी। उन्होंने फील्डिंग लगाई और खिलाड़ी सेट कर दिये। बताया जाता है कि उन्होंने गेम को साईलेंट तरीके से सेट किया और फिर इसका असर ये हुआ कि वो नाम सीन में आ गये जो सीन से आउट थे। जिन नामों का कहीं चर्चा नहीं था उनका पर्चा आ गया और सूत्र बताते हैं कि नामों पर गम्भीर मंथन चिंतन हुआ और कुछ नामों पर सहमति बन गयी। हैवी वेट कृपा का बादल बरसा है और पसंद के चेहरों पर कृपा बरसाकर उन्होंने अहसास करा दिया कि जो हमारे साथ है हम उसके साथ हैं। सियासत वाले भी बता रहे हैं कि वो एक माईन्ड सेट के साथ राजनीति करते हैं और बड़ी बात ये है कि वो अपने नेटवर्क को हमेशा अपने लोगों के लिए इस्तेमाल करते हैं। पुराने शिजरे से ये बताया जा रहा है कि वो कभी भी अपने लोगों को किसी के भरोसे नहीं छोड़ते और भूरे भरोसे के साथ उनके लिए अड़ते हैं। बताने वाले बताते हैं कि सीन ठीक वैसा रहा है जैसे मंडल प्रधानों वाली लड़ाई में रहा था। मंडल मे वो प्रधान वाले एगजाम में दस में से दस अपने नाम पास कराकर फर्स्ट डिविजन लाये थे। इस बार भी कुछ कुछ सीन वैसा है। पारवर सेन्टर वाली बात करें तो हैवी वेट दखल है। सूत्र बताते हैं कि जो टीम आ रही है उसमें हैवी वेट को ज्यादा वेट मिला है, उनकी पसंद के चेहरों को तव्वजो मिली है। जब लिस्ट आयेगी तो नामों को देखकर ये अंदाजा हो जायेगा कि पावर सेन्टर के उस छोर से पूरा जोर लगा है और पावर का जलवा हैवी वेट वालों को दिखाई देगा।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में जब रह गया है एक साल गाजियाबाद में जनमुद्दों को लेकर क्या है विपक्षी दलों का हाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कनैक्टिविटी और एक्टिविटी का सीधा कनैक्शन आने वाले इलैक्शन से होता है। जब कोई भी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुटता है तो फिर उसके नेताओं की सियासी एक्टिविटी बढ़ जाती है। पार्टी में बैठकों का दौर बढ़ जाता है। बड़े नेताओं की आमद होने लगती है। सम्मेलन होने लगते हैं। जब कोई दल चुनावी तैयारियों की हुंकान भरता है तो उसके नेता जन मुददों से कनैक्टिविटी बना लेते हैं। वो जनता से जुड़े मुददों पर जनता के साथ खड़े दिखाई देते हैं। वो संघर्ष करते हैं। विधानसभा चुनावों में एक साल बाकी है और अगर यहां चुनावी नजरिये से देखें तो भौकाल बनाती भाजपा दिखाई दे रही है। वो अपने फ्रंटल संगठनों के साथ हिन्दू




सम्मेलन करा रही है। उसका प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है। उसने मंडल अध्यक्षों की घोषणा के समय ही ये कह दिया था कि अब जो संगठन तैयार हो रहा है ये वर्ष 2027 के चुनावी रण की तैयारी है। संगठन को चुनाव के लिहाज से ही सेट किया जा रहा है। आज बात उस विपक्ष की जो सरकार को बदलने की मांग करते हैं ,जो ये कहते हैं कि जन मुददों पर सरकार विफल रही है। जनमुददों पर विपक्ष का क्या हाल रहा है। और उसके नेताओं ने कितना मोर्चा खोला है। जिस हाउस टैक्स के मुददे को लेकर लखनऊ तक गूंज पहुंची है, उस हाउस टैक्स के मुददे पर कांग्रेस का आंदोलन अंदाज कैसा रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा ने एक रेस्टोरेंट में प्रैस कॉन्फ्रैन्स की और कहा कि हम आयेंगे। लेकिन कांग्रेस का कोई नेता पार्षदों के उस धरने पर नहीं पहुंचा जो नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर हुआ। विपक्ष की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी ने जरूर तेवर दिखाये हैं। हाउस टैक्स के मुददे को लेकर जब निगम की बोर्ड बैठक थी तो समाजवादियों ने बाहर प्रर्दशन किया। एक अहसास विपक्ष के होने का कराया। लेकिन यहां अगर अन्य विपक्षी दलों की बात करें तो डीएम समीकरण के नाम का चुनावी रण लड़ने वाली बसपा कहीं पर इस मुददे पर दिखाई नहीं दी है। उसका कोई नेता , संगठन का कोई पदाधिकारी हाउस टैक्स को लेकर जनता के बीच नही पहुंचा। जो आम आदमी पार्टी वर्ष 2014 से पहले दिल्ली में घेराव कर रही थी वो आम आदमी पार्टी हाउस टैक्स के मसले पर साईलेंट मोड पर रही। ये हाल तब है जब इस पार्टी का कोई पार्षद भी निगम में बताया जाता है। केवल एक धरना आम आदमी पार्टी ने दिया और उससे पहले सीन खामोशी का रहा। सियासी जानकार कहते हैं कि जब विधानसभा चुनावों में एक साल रह गया है तब विपक्ष का हाल ये है। विपक्ष का कोई नेता हाउस टैक्स के मुद्दे पर धरने पर नहीं बैठा। विपक्ष ने गैस सिलेन्डर की किल्लत को लेकर भी सांकेतिक प्रदर्शन किये हैं। ये वही विपक्ष है जो 2027 में यहां चुनावी ताल ठोकेगा। जनता के बीच जन मुददों से दूर केवल एक ज्ञापन , प्रदर्शन के सहारे विपक्ष किस बात की उम्मीद जनता से कर रहा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत मंडलवार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का सफल



आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजनगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग संजय नगर सेक्टर-23 स्थित भगीरथ पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी के नेतृत्व में किया गया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ नेताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने कार्यकताओं को शेष, पृष्ठ 8

16 Mar -26 page 4 15-03-26 9:49 PM Page 1



## संपादकीय

# अपराध से बढ़ी चिंता

यूपी में संभल और बदायूं की वारदातों ने कानून-व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी है। दफ्तरों में हत्या और पुलिस समन्वय की कमी दर्शाती है कि अपराधियों में कानून का खौफ खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार दावे करती रही है कि राज्य में कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। मगर पिछले कुछ समय से लगातार अपराध, लूटपाट और हत्या के बढ़ते मामलों ने दावों की कलई खोल दी है। अपराधी बेशक बाद में पकड़ लिए जाते हों, लेकिन सच है कि वे वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। सवाल है उनके भीतर पुलिस का खौफ क्यों नहीं दिखता। पिछले दिनों संभल में कुछ लोग एक युवक को घर से खींच कर ले गए और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि बदायूं में गुरुवार को हिंदुस्तान पेट्रोलियम के इथेनाल संयंत्र के दफ्तर में घुस कर दो वरिष्ठ अधिकारियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि काली सूची में डाले गए एक विक्रेता ने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पहले भी महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी की कार पर हमला कर चुका था। जब इस मामले की पुलिस और जिला प्रशासन स्तर पर शिकायत दर्ज करा दी गई थी, तो आरोपी पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

सवाल यह भी है कि उच्च सुरक्षा वाले संयंत्र में हथियार लेकर वह कैसे घुसा? कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के पास इसका क्या जवाब है? उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, तो स्पष्ट है कि राज्य के पूरे पुलिस तंत्र में समन्वय का अभाव है। आए दिन हो रहीं हत्या की घटनाओं से समझा जा सकता है कि राज्य में अपराध पर लगाम लगने के दावे में दम नहीं है।

जमीनी सच्चाई यही है कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस की तमाम कथित सख्ती और सक्रियता के बावजूद आपराधिक मानसिकता के लोगों में कानून और सजा का कोई डर नहीं है। ऐसा लगता है कि अपराध नियंत्रण में कहीं न कहीं कमजोर कड़ी रह गई है, जिसकी शिनाख्त नहीं की जा रही है। आज स्थिति यह है कि लोग खुद को घरों से लेकर दफ्तरों तक सुरक्षित नहीं पा रहे हैं। आए दिन जघन्य अपराधों के मद्देनजर उनकी चिंताएं नाहक नहीं हैं। सवाल है कि राज्य सरकार अपराध और अपराधियों पर काबू करने के जो दावे करती रही है, हकीकत उसके उलट क्यों दिख रही है।

# देश भर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, जमाखोरी से बचें: पेट्रोलियम मंत्रालय

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश भर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराकर ईंधन जमा करने की कोशिश न करें और पेट्रोल या डीजल को ढीले या असुरक्षित कंटेनरों में भरकर न रखें, क्योंकि इससे सुरक्षा का बड़ा खतरा हो सकता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन का स्टॉक मौजूद है और कहीं भी कमी नहीं है। मंत्रालय ने कहा, देश भर के रिटेल आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।






उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे ईंधन को ढीले या अनुपयुक्त कंटेनरों में न लें और न ही स्टोर करें, क्योंकि इससे गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा हो सकता है। मंत्रालय के अनुसार, तमिलनाडु के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल को ढीले कंटेनर में भरते हुए देखा गया था, जो कि असुरक्षित और अनुचित है। इस घटना के बाद संबंधित पेट्रोल पंप को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है। साथ ही अधिकारियों ने सभी पेट्रोल पंपों और डीलरों को ईंधन वितरण के दौरान सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले सरकार ने लोगों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पैनिक बाइंग से बचने की अपील की थी, और कहा था कि देश में इन ईंधनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। तेल विपणन कंपनियों के अनुसार, देश के लगभग 1 लाख रिटेल आउटलेट्स में कहीं भी ईंधन खत्म होने की कोई घटना सामने नहीं आई है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत की रिफाइनिंग क्षमता इस समय करीब 258 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) है, जिससे भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब बन गया है। इसके अलावा सरकार ने 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नेचुरल गैस कंट्रोल ऑर्डर जारी किया, जिसमें पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और किसी तरह की कटौती नहीं की गई है। अधिकारी ने कहा, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को फिलहाल लगभग 80 प्रतिशत आपूर्ति के स्तर पर प्रबंधन किया जा रहा है।

# तेल कीमतों के उतार-चढ़ाव से बाजार में गिरावट

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव से इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार दबाव में रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा, महंगे तेल और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों को मनोबल लगातार गिरा है। इससे भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इस सप्ताह बाजार में भारी उतरा-चढ़ाव और गिरावट देखने को मिला।

निफ्टी-50 सप्ताहवार में 5.3% की गिरावट के साथ 23,151 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स सप्ताहवार 5.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,564 पर स्थिर रहा। आगामी सप्ताह में बाजार की दिशा में भारी उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम होंगे। कच्चे तेल की कीमतों के रुझान, वैश्विक बॉन्ड यील्ड और मुद्रा बाजार की अस्थिरता को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



**बाजार में गिरावट कोई आश्चर्य की बात नहीं :** इनक्रेड वेल्थ के सीईओ नितिन राव ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक कारकों ने बाजारों को प्रभावित किया है। यह एक अप्रत्याशित घटना थी और उम्मीदों के विपरीत, यह एक लंबा संघर्ष बन गया है, जिसके समाप्त होने के कोई आसार नहीं हैं। इस घटना ने पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है।

# विदेशी-निवेशकों ने 15-दिन में भारतीय बाजार से 52,704 करोड़ निकाले

## वजह- ईरान जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर और रुपया 92 के स्तर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (ऋछक्र) की बिकवाली लगातार जारी है। मार्च के शुरूआती दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने घरेलू इक्विटी बाजार से 52,704 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह बिकवाली ऐसे समय में हुई है, जब मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ रहा है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है। इससे पहले फरवरी महीने में FPIs ने बाजार में 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर था। लेकिन मार्च की शुरूआत से ही विदेशी निवेशक हर ट्रेडिंग दिन पर नेट सेलर्स बने हुए हैं।



**कच्चे तेल और रुपए ने सेंटिमेंट बिगाड़ा :** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस भारी बिकवाली के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण हैं। एंजेल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकारजावेद खान के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई प्रभावित होने के डर से ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया है। इससे निवेशकों ने जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों में लगाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए के 92 के स्तर के पार पहुंचना और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने भी दबाव बनाया है।

**भारत की जगह चीन के बाजार में पैसा लगा रहे निवेशक :** जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा कि पिछले 18 महीनों में भारतीय बाजार ने विकसित और अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले कम रिटर्न दिया है। इस वजह से विदेशी निवेशकों का रुझान भारत के प्रति कम हुआ है।

उनके अनुसार, दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन इस समय भारत की तुलना में ज्यादा आकर्षक लग रहे हैं, क्योंकि हालिया गिरावट के बाद वहां वैल्युएशन सस्ता है और कॉर्पोरेट अर्निंग की संभावनाएं बेहतर दिख रही हैं।

# टॉप-10 कंपनियों की वैल्यू 4.48 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली ।** मिडिल ईस्ट में तनाव और इजराइल-ईरान जंग की वजह से मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 4.48 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान रइक की वैल्यू सबसे ज्यादा घटी। रइक का मार्केट कैप 89,306 करोड़ रुपए घटकर 9.66 लाख करोड़ पर आ गया। HDFC बैंक का मार्केट कैप 61,715 करोड़ रुपए घटकर 12.57 लाख करोड़ पर आ गया। वहीं बजाज फाइनेंस की मार्केट वैल्यू 59,082 करोड़ घटकर 5.32 लाख करोड़ पर आ गई।




इनके अलावा बीते हफ्ते TCS, ICICI बैंक, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, छक्ष्, इंफोसिस और ल्वछ का मर्केट कैप भी घटा है। बीते हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी 5.5% तक गिरा था अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच पिछले हफ्ते सेंसेक्स 4,354.98 (5.51%) और निफ्टी 1,299.35 (5.31) अंक गिरा था। वहीं शुक्रवार 13 मार्च को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1470 अंक (1.93%) की गिरावट के साथ 74,564 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 488 अंक (2.06%) की गिरावट रही, ये 23,151 पर आ गया।

# सरकार ने बदले कैप्टिव पावर जनरेशन के नियम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगी रफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। उद्योगों के लिए आसान हुए नियम। भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। 'इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026' को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है।



नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं। यह स्पष्टीकरण आधुनिक कॉर्पोरेट संरचनाओं को मान्यता देता है, जहां बिजली संपत्तियों को अक्सर समूह संस्थाओं या स्पेशल पर्पस व्हीकल के माध्यम से विकसित किया जाता है।

इस नीतिगत बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि कॉरपोरेट समूहों के वैध कैप्टिव निवेश को केवल उनकी संगठनात्मक संरचना के कारण कैप्टिव दर्जे से वंचित न किया जाए। इसके अलावा, नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल किया गया है।

कैप्टिव पावर जेनरेशन का मतलब है किसी उद्योग या व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वयं का बिजली संयंत्र स्थापित करना। यह बिजली ग्रिड से खरीदने के बजाय, साइट पर ही (कोयला, गैस, या नवीकरणीय ऊर्जा से) पैदा की जाती है, जो निरंतर और सस्ती बिजली सुनिश्चित करती है।

### सरचार्ज और सत्यापन से जुड़ी बड़ी राहत

**उद्योगों के लिए अनुपालन और वित्तीय मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण नियम तय किए गए हैं :**

**शुल्क से बचाव :** एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिससे कैप्टिव स्थिति के सत्यापन के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसधारियों द्वारा उपभोक्ताओं पर शुल्क लगाने से बचा जा सकेगा।

**सीएसएस और एएस पर छूट :** यदि कैप्टिव उपयोगकर्ता एनएलडीसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) या राज्य नोडल एजेंसी (अंतर-राज्यीय मामलों के लिए) की प्रक्रियाओं के अनुसार निर्धारित घोषणा जमा करते हैं, तो उन पर क्रॉस-सब्सिडी सरचार्ज (सीएसएस) और अतिरिक्त सरचार्ज (एस) नहीं लगाया जाएगा।

**जुमार्ने का प्रावधान :** यदि कोई प्लांट सत्यापन में कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट के रूप में विफल रहता है, तो लागू सीएसएस और एएस, कैरिंग कॉस्ट के साथ देय होंगे। इस कैरिंग कॉस्ट की गणना 2022 के 'इलेक्ट्रिसिटी (लेट पेमेंट सरचार्ज एंड रिलेटेड मैटर्स) रूल्स' के तहत लेट पेमेंट सरचार्ज की बेस दर पर की जाएगी।

**सत्यापन की अवधि :** कैप्टिव स्थिति के सत्यापन की प्रक्रिया अब पूरे वित्तीय वर्ष के लिए की जा सकेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन हैं और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सम्मेलन का अनुमान है कि साल 2100 तक होने वाली मानव विलुप्त होने की घटना की संभावना 19% होनी चाहिए।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड में एबिंगडन स्कूल में भाग लेने के दौरान रेडियोहेड (एबिंगडन से एक अंग्रेजी रॉक बैंड) का गठन किया गया था।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।

## राशिफल

**मेष :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन :** कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी।

**सिंह :** शत्रु परास्त होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

**कन्या :** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**तुला :** व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग हैं। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक :** घर में मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं।

**मकर :** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। बड़ों की सलाह मानें, लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ :** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** मित्रों तथा संबंधियों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे।

## चुटकुले

मोनू : यार, मेरा फोन अपने आप लॉक हो जाता है।
गोलू : क्यों?
मोनू : शायद मुझे आराम करने को कह रहा है।
गोलू : फोन समझदार है भाई, तू नहीं!

---

टीचर : पप्पू, तुम क्लास में इतना चुप क्यों हो?
पप्पू : मैडम, आज मौन-व्रत है।
टीचर : रोज क्यों होता है?
पप्पू : क्योंकि रोज पढ़ाई होती है!

---

पत्नी : सुनो जी, तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?
पति : बहुत ज्यादा!
पत्नी : कितना ज्यादा?
पति : जितना वाई फाई से कटते ही बेचैनी हो जाती है!

---

दोस्त : भाई, तू इतना फिट कैसे है?
गोलू : मैं रोज दौड़ता हूँ।
दोस्त : कहाँ तक?
गोलू : मोबाइल की बैटरी खत्म होने तक!

## 16 03 2026 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# अभिषेक पर किस तरह भरोसा रहा कायम? गंभीर ने दिया जवाब, सैमसन को प्लेइंग-11 में लेने की वजह बताई

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि टीम प्रबंधन ने अभिषेक शर्मा का क्यों समर्थन किया। वहीं, उन्होंने संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में जगह देने पर भी राय रखी।

टी20 विश्व का खिताब भारतीय टीम ने जीत लिया था और अब खिलाड़ी आईपीएल 2026 की तैयारियों में जुट गए हैं। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे अभिषेक शर्मा पर किस तरह भरोसा कायम रहा। वहीं, कोच ने संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में शामिल करने की वजह का खुलासा भी किया।

अभिषेक टूनामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। अभिषेक की खराब फॉर्म को देखकर यह चर्चा भी उठने लगी थी कि क्या इस सलामी बल्लेबाज को प्लेइंग-11 से बाहर बैठाया जाएगा? लेकिन टीम प्रबंधन ने अभिषेक पर भरोसा कायम रखा और फाइनल में उन्होंने अपना दिखाया जिससे टीम न्यूजीलैंड को हराकर खिताब बरकरार रखने में सफल रही।

**अभिषेक का बढ़ाया था मनोबल:** गंभीर ने अभिषेक का समर्थन करने पर कहा, आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं। आपकी फॉर्म का सही आकलन तभी हो सकता है जब आप 20 से 30 गेंदें खेल चुके हों और उसने अभी तक 20 गेंदें भी नहीं खेली हैं। मैं बस यही चाहता था कि वह हर अगले मैच में पिछले मैच की तुलना में अधिक आक्रामक होकर खेले। अभिषेक को लेकर कोई संदेह नहीं था। सच कहूं तो हम सभी को टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ी पर पूरा भरोसा था।

**गंभीर बोले- पावरप्ले में ही मैच छीन सकते हैं संजू:** गंभीर ने सैमसन की भी जमकर तारीफ की। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। गंभीर ने कहा, हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।



## किस तरह सैमसन को मिला मौका

सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूनामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए। गंभीर ने कहा, मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा कि ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है।

# क्या इस बार आईपीएल में कोई टीम पार कर सकेगी 300 का आंकड़ा

## दो बार काफी करीब आकर चूकी है सनराइजर्स



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है। हर बार की तरह इस बार भी फैंस को रन बरसते दिखने का इंतजार है। इस लीग में अब तक कोई टीम 300 रन नहीं बना सकी है और ये देखने वाली बात होगी कि क्या इस बार ऐसा होगा?

आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। टूनामेंट का पहला मुकाबला गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेला जाना है। आईपीएल में आमतौर पर बल्लेबाजों का राज रहता है और इस लीग में जमकर चौके-छक्के लगते हैं, लेकिन इस लीग में अब तक कोई भी टीम 300 रनों का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है। हालांकि, हैदराबाद की टीम दो मौकों पर 300 रन बनाने के करीब पहुंच गई थी, लेकिन ऐसा कर नहीं सकी।

आईपीएल के पिछले कई वर्षों में हैदराबाद की टीम काफी आक्रामक बल्लेबाजी करती नजर आई है। आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं क्योंकि आईपीएल इतिहास के चार सबसे बड़े टोटल का रिकॉर्ड इसी टीम के नाम है।

**हैदराबाद के नाम सबसे बड़ा स्कोर**

आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के नाम है। हैदराबाद ने 15 अप्रैल 2024 को आरसीबी के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 20 ओवर में तीन विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 287 रन लगाए थे। टीम की तरफ से ट्रेविड हेड ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 102 रनों की लाजवाब पारी खेली थी, जबकि हेनरिक क्लासन ने 31 गेंदों में 67 रन बनाए थे।

**सनराइजर्स ने राजस्थान को बनाया था निशाना**

आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा टोटल भी सनराइजर्स हैदराबाद ने ही बनाया है। 23 मार्च 2025 को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने चौके-छक्कों की बारिश करते हुए 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 286 रन बनाए थे। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में 106 रनों की लाजवाब पारी खेली थी, जबकि ट्रेविस हेड ने 67 रनों का योगदान दिया था।

25 मई 2025 को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीता था। इस मुकाबले में हैदराबाद की टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए थे। इस मैच में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे हेनरिक क्लासन ने 39 गेंदों में 105 रनों की तूफानी पारी खेली थी। वहीं, हेड ने 40 गेंदों का सामना करते हुए 76 रन बनाए थे।

आपको जानकार शायद हैरानी होगी कि आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर भी सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने बनाया है। 27 मार्च 2024 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 277 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए थे। हेनरिक क्लासन ने 34 गेंदों में 80 रन बनाए थे, तो ट्रेविस हेड ने 24 गेंदों में 62 रनों की तेज तर्रार पारी खेली थी।

**सर्वोच्च टोटल बनाने वालों में केकेआर पांचवें स्थान पर**

आईपीएल में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर कोलकाता नाइट राइडर्स ने साल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलते हुए बनाया था। इस मुकाबले में केकेआर ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 272 रन बनाए थे।

# पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सरफराज अहमद ने लिया संन्यास, टेस्ट टीम में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज पाकिस्तान के उन चुनिंदा कप्तानों में शामिल हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ दो बड़े आईसीसी टूनामेंट फाइनल जीते थे। सरफराज ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में टेस्ट के रूप में खेला था। उन्होंने अपने संन्यास का एलान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा जारी बयान के माध्यम से किया।

**संन्यास के बाद मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी**

सूत्रों के अनुसार, औपचारिक संन्यास के बाद पीसीबी उन्हें पाकिस्तान की टेस्ट टीम का लंबे समय के लिए हेड कोच नियुक्त कर सकता है। फिलहाल टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद खाली है, क्योंकि पिछले साल बोर्ड ने अंतरिम हेड कोच रहे अजहर महमूद का अनुबंध समाप्त कर दिया था। मई में 39 वर्ष के होने वाले सरफराज को हाल ही में राष्ट्रीय चयन समिति का सदस्य भी बनाया गया था। इसके साथ ही उन्हें पाकिस्तान अंडर-19 और शाहीन्स टीम का मेंटर और मैनेजर भी नियुक्त किया गया है।

**किन पलों को बताया यादगार**

कराची में जन्मे सरफराज ने अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान की कप्तानी करना उनके लिए एक सपना था। उन्होंने कहा कि आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2006 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2017 जीतना उनके करियर के सबसे यादगार पल हैं। सरफराज अहमद ने पाकिस्तान के लिए 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और तीनों प्रारूपों में मिलाकर 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम की कप्तानी भी की। उन्होंने कहा कि अपने करियर के दौरान उन्होंने हमेशा निडर क्रिकेट खेलने और टीम में एकता बनाए रखने की कोशिश की।

# कोचिंग स्टाफ के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान भी बदलेगा क्या अजिंक्य रहाणे से छिन जाएगी कमान

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम पिछले सीजन अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी थी। लेकिन टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने वाला है और तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी इसके लिए कमर कस ली है। केकेआर की कमान अजिंक्य रहाणे के हाथों में है जो फिलहाल फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। केकेआर ने अपने कोचिंग सेटअप में बदलाव किया है, लेकिन इस बारे में भी चर्चा शुरू हो गई है कि क्या टीम इस बार नए कप्तान की अगुआई में उतरेगी?

**पिछले सीजन खराब रहा था प्रदर्शन:** केकेआर का प्रदर्शन पिछले सीजन खराब रहा था और टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी थी। रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले सीजन 13 मैच खेले थे और पांच मुकाबले ही जीत सकी थी। रहाणे ने अपनी बल्लेबाजी से दम दिखाया था और वह पिछले सीजन केकेआर के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। कोलकाता के लिए रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और माना जा रहा है कि इस बार भी वह इसी स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि केकेआर के लिए इस सीजन कौन ओपनिंग करेगा। केकेआर की टीम ने इस बार न्यूजीलैंड के फिन एलेन, टिम सीफर्ट और रचिन रवींद्र के साथ करार किया है। वहीं, टीम के पास ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भी मौजूद हैं। केकेआर के स्टार स्पिनर सुनील नरेन पर एक बार फिर नजरें होंगी जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से टीम के लिए योगदान देते हैं।

## श्रेयस की जगह बने थे कप्तान

रहाणे को श्रेयस अय्यर की जगह केकेआर का कप्तान नियुक्त किया गया था और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह इस सीजन भी कप्तान बने रहेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान की मालिकाना हक वाली केकेआर टीम ने रहाणे को ही कप्तान बनाए रखने का फैसला किया है। केकेआर प्रबंधन का मानना है कि कप्तान के तौर पर रहाणे सही हैं और उनके पास अच्छा अनुभव है।






# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच फॉर्मूला वन की दो रेस रद्द की



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच फॉर्मूला वन ने बड़ा फैसला लिया है। अप्रैल में बहरीन और जेद्दा में ग्रां प्री होनी थी जिसे अब रद्द कर दिया है।

फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इस्राइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई।

**अप्रैल में बहरीन और जेद्दा में होनी थी रेस**

एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन ने कहा, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी। हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।

एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'यह एक मुश्किल फैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस अप्रैल में नहीं होंगी और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।

# भारतीय ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु का दमदार प्रदर्शन

## एनसीएए चैंपियनशिप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने शानदार प्रदर्शन किया और नसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे।

भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# पश्चिम एशिया तनाव का असर, कोलकाता में फंसे वेस्टइंडीज टीम के खिलाड़ी अब लौटे स्वदेश



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हवाई यात्रा प्रभावित होने से भारत में फंसे वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ अब सुरक्षित अपने-अपने देशों लौट गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि सभी खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट की वापसी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है।

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण भारत में फंसे वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ अब सुरक्षित अपने-अपने देशों में लौट चुके हैं। इसकी जानकारी क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शनिवार को दी। टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के बाद वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण कई प्रमुख ट्रांजिट हब, खासकर दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डों के बंद होने से यात्रा योजनाएं प्रभावित हो गई थीं।

**स्वदेश लौटे वेस्टइंडीज खिलाड़ी**

वेस्टइंडीज टीम ने एक मार्च को कोलकाता में टी20 विश्व कप के अपने आखिरी मुकाबले खेले थे। इसके बाद खिलाड़ियों की घर वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने बयान में कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी और टीम मैनेजमेंट यूनिट (टीएमयू) के सदस्य अब सुरक्षित अपने गंतव्य पर पहुंच चुके हैं। बयान के अनुसार, अंतिम समूह के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी कर चुके हैं। इससे पहले सप्ताह की शुरूआत में नौ खिलाड़ी रवाना हो गए थे, जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की व्यवस्था की गई थी।

**क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जताया आईसीसी का आभार**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए आईसीसी, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। बोर्ड ने कहा कि खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षा और भलाई उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस यात्रा अव्यवस्था को लेकर कुछ खिलाड़ियों ने नाराजगी भी जताई थी। वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने चार्टर फ्लाइट रद्द होने और आईसीसी की ओर से समय पर जानकारी नहीं मिलने पर निराशा व्यक्त की थी।

# आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की दो टूक, पाकिस्तान और बांग्लादेश पर था निशाना

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 अब खत्म हो चुका है और भारतीय टीम इसकी चैंपियन बनी है। लेकिन टूनामेंट शुरू होने से पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान ने किस तरह रंग में भंग डालने की कोशिश की थी, ये किसी से छिपा हुआ नहीं है। अब आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इशारों में इस मामले पर बयान दिया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन स्पष्ट रूप से कहा कि संस्था से बढ़कर कोई टीम नहीं है।

**सदस्य टीमों के प्रदर्शन को सराहा**

मुंबई में एक अवॉर्ड कार्यक्रम के दौरान शाह ने बताया किया कि कुछ टीमों की भागीदारी को लेकर पैदा हुई दुविधा ने पूरे टूनामेंट के भविष्य को खतरे में डाल दिया था। क्रिकेट के वैश्विक निकाय के प्रमुख के रूप में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती। शाह ने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा, यह आईसीसी विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि टूनामेंट शुरू होने से पहले इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि कुछ टीमें भाग लेंगी या नहीं और विश्व कप का आयोजन कैसे होगा। आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती और कोई एक टीम संगठन नहीं बनाती। संस्था सभी टीमों का संयोजन होता है।

शाह ने टी20 विश्व कप 2026 की शानदार सफलता पर भी बात की जिसने दर्शकों की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा, विश्व कप ने दर्शकों की संख्या के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुल दर्शकों की संख्या के सारे रिकॉर्ड टूट गए। देखिए, अमेरिका ने भारत को कड़ी टक्कर दी, नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान को परेशान किया, जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया और नेपाल ने इंग्लैंड को डरा दिया। मैं सभी सहयोगी टीमों को बधाई देता हूं। उन्होंने पूर्ण सदस्य टीमों के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया




## भारतीय टीम को दिया संदेश



जय शाह ने टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा, सूर्यकुमार और गौतम भाई के लिए मेरा एक संदेश है, शीर्ष से नीचे गिरने में कुछ ही महीने लगते हैं, जबकि नीचे से शीर्ष तक पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं। कड़ी मेहनत करते रहिए और पुरस्कार जीतते रहिए। जब मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में था तब मैंने 2028 के ओलंपिक तक की योजना बनाई थी। अब मैं आईसीसी में हूं और बीसीसीआई में दूसरे लोग जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। आप सभी को 2030, 2031 और यहां तक कि 2036 के लिए भी तैयारी करनी चाहिए।

## बांग्लादेश ने क्यों किया था ड्रामा

- मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) बौखला गया था।
- उसने भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए आईसीसी से टी20 विश्व कप के उसके मुकाबले श्रीलंका में कराने की मांग की थी।
- आईसीसी ने बीसीबी की मांग ठुकरा दी थी, लेकिन बांग्लादेश अपनी जिद पर अड़ा रहा था।
- आईसीसी ने फिर बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को विश्व कप में शामिल किया था।
- बांग्लादेश का समर्थन करते हुए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया था।
- संभावित कार्रवाई को देखते हुए पाकिस्तान ने यू-टर्न लिया था और भारत के खिलाफ मैच खेला था।

16 Mar -26 page 6 15-03-2026 21:52 Page 1






# राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय में जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का उद्घाटन

## न्यायमूर्ति ने स्टॉलों का अवलोकन कर कराई रक्तचाप की जांच

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जिला न्यायालय परिसर गौतमबुद्धनगर के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति एवं जनपद गौतमबुद्ध नगर के प्रशासनिक न्यायाधीश अजित कुमार ने जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश रामकेश, पीठासीन अधिकारी लारा सुनील कुमार श्रीवास्तव, पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय जगदीश प्रसाद, पीठासीन अधिकारी वत्सल श्रीवास्तव, अपर जिला जज द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट तथा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी, अध्यक्ष बार एसोसिएशन मनोज भाटी, सचिव बार एसोसिएशन शोभाराम चंदेला सहित अन्य उपस्थित रहे। उत्तम नगर मामले में अफवाह फैलाने वाले वीडियो से जुटाए गए 37 लाख रुपये, पुलिस ने बैंक खाता फ्रीज किया ये भी पढ़ें उत्तम नगर मामले में अफवाह फैलाने वाले वीडियो से जुटाए गए 37 लाख रुपये, पुलिस ने बैंक खाता फ्रीज किया। जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का फीता काटकर उद्घाटन



के पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से संचालित योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उपस्थित नागरिकों एवं लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। न्यायमूर्ति द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण भी किया गया।

# हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं ने दलित प्रेरणास्थल जाकर कांशीराम को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने दलित प्रेरणास्थल जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद मुनकाद अली के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों से आए कार्यकताओं ने काशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उनके मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया।

मेरठ मंडल सहारनपुर मंडल और मुरादाबाद मंडल के हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने रविवार को कांशीराम की जयंती पर नोएडा स्थित दलित प्रेरणा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गाजियाबाद से मंडल प्रभारी मेघानंद जाटव रवि जाटव विजय सिंह ओमप्रकाश कश्यप और दया राम सेन के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सुबह पार्टी कार्यालय से नोएडा स्थित दलित प्रेरणास्थल पहुंचे। वही विधानसभा के प्रत्याशी परमानंद गर्ग वरिष्ठ बसपा नेता पंकज शर्मा सोनू आनंद विकास कुमार भी सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं के साथ नोएडा स्थित दलित प्रेरणास्थल पहुंचकर कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि जिला एवं महानगर के अलावा सभी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा प्रभारी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नोएडा प्रेरणा स्थल पहुंचकर कांशीराम को याद किया। वरिष्ठ बसपा नेता पंकज शर्मा ने कहा कि कांशीराम ने २४ और बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलितों में जो क्रांति का बिगुल चुका था आज वह समाज के हर वर्ग में देखा जा रहा है। आज दलित समाज अपने अधिकारों के प्रति और अधिक जागरूक हो गया है। बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के बाद दलित समाज में चेतना और शिक्षा के प्रति जागरूक करने में कांशीराम की भूमिका सबसे अधिक है। कांशीराम के इस मिशन को बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आगे ले जा रही है उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में दलित समाज साधन संपन्न और अधिकार युक्त होगा तभी देश तरक्की कर सकता है। दलितों की उपेक्षा कर कोई भी सरकार सत्ता में बने नहीं रह सकती है। पंकज शर्मा ने कहा कि काशीराम के सिद्धांतों को दलित और अति पिछड़े वर्गों तक ले जाने के लिए बसपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। कांशीराम की जयंती पर कार्यकताओं ने यही संकल्प लिया।

# सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी और किल्लत को लेकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा विरोध

## कार्यकर्ताओं ने गैस एजेंसी पर की परेशान लोगों की मदद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रसोई गैस की कीमत में 60 रु की बढ़ोतरी करने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों पर जाकर आम लोगों की मदद की। कार्यकताओं ने गैस एजेंटीयों पर बुकिंग में हो रही परेशानियों को भी




जाना। गैस की एजेंसी पर पहुंचकर जनता को मदद की और उनकी परेशानी को साझा किया। इस अभियान के तहत जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, नगर अध्यक्ष डासना अनवार कुरेशी, अब्दुल रईस, पार्षद, मंडल अध्यक्ष आबिद बंजारा और अन्य कार्यकताओं के साथ डासना गैस की एजेंसी पहुंचे। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि एलपीजी की सप्लाई नॉर्मल है लेकिन वास्तविकता यह है कि जनता को परेशान किया जा रहा है। पहले बुकिंग नॉर्मल रजिस्टर्ड फोन से हो जाती थी लेकिन अब सबसे ज्यादा बुकिंग के लिए जनता परेशान हो रही है। बुकिंग के भी लगभग चार माध्यम बना दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता आशुतोष शर्मा ने कहा किजहां पर किराए पर रहते हैं वहां पर मकान मालिक लकड़ी व अंगूठी जलाने को मना कर दिया है। 5 किलो के गैस के सिलेंडर गैस एजेंसी पर अतिशीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, क्योंकि गरीब जनता इससे सबसे ज्यादा परेशान हो रही है और भूखे पेट सो कर जीवन यापन करना पड़ रहा है।

# गौड़ होम्स सोसाइटी गोविंदपुरम में चौथी आम सभा सम्पन्न







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को गौड़ होम्स सोसाइटी, गोविंदपुरम में सोसाइटी की चौथी आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासियों ने भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

आम सभा का मुख्य एजेंडा सोसाइटी की खराब पड़ी लिफ्ट, फायर फाइटिंग व्यवस्था की दयनीय स्थिति, पूर्व कमेटी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की जानकारी तथा सिक्योरिटी एजेंसी को बदलने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे रहे। निवासियों ने इन विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया।

सोसाइटी के अध्यक्ष अतुल त्यागी ने सभी कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि लिफ्ट, फायर फाइटिंग सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मेंटेनेंस शुल्क बढ़ाना आवश्यक है, उन्होंने प्रस्ताव रखा कि वर्तमान में 1.12 रुपए प्रति स्क्वायर फीट की दर से लिए जा रहे मेंटेनेंस को बढ़ाकर 2.56 रुपए प्रति स्क्वायर फीट किया जाए। इस प्रस्ताव पर आम सभा में उपस्थित निवासियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा और सहमति के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोसाइटी के बेहतर रखरखाव और आवश्यक व्यवस्थाओं के सुधार के लिए मेंटेनेंस शुल्क बढ़ाकर 2.12 रुपए प्रति स्क्वायर फीट किया जाएगा इस प्रकार 1 रुपए प्रति वर्गफीट मेंटिनेंस की वृद्धि होगी जो तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है।

लिफ्ट के रखरखाव और सुधार के लिए एक लिफ्ट मेंटेनेंस कमेटी के गठन का भी निर्णय लिया गया। इस कमेटी में सोसाइटी के निवासी श्री जय गौतम, श्री वीरेंद्र सिंह और श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव ने अपना नाम प्रस्तावित किया, जिसे आम सभा ने स्वीकार किया।

इसके अतिरिक्त सोसाइटी में वर्षों से बंद पड़े स्विमिंग पूल को भी शीघ्र ठीक कराकर पुनः चालू करने का निर्णय लिया गया, जिससे निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सचिव कृष्ण बिष्ट द्वारा निवासियों को जानकारी दी कि वर्तमान में सोसाइटी का मेंटेनेंस कोष लगभग खाली है। इसलिए लिफ्ट, फायर फाइटिंग सिस्टम और सिक्योरिटी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रारंभिक रूप से तीन माह का मेंटेनेंस अग्रिम रूप से एकत्रित किया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। आम सभा शांतिपूर्ण और सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हुई तथा निवासियों ने सोसाइटी के विकास और बेहतर सुविधाओं के लिए समिति के प्रयासों की सराहना की।

चौथी आम सभा की सूचना गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जिलाधिकारी गाजियाबाद एवं डिप्टी स्टार चिप्स एंड फंड को पूर्व में ही दी जा चुकी है।

# राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका अहम : वेदपाल

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्री कृष्ण भाग-2 वैशाली महानगर द्वारा रविवार को 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्ध नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रहित और सामाजिक उत्तरदायित्वों पर गहन मंथन किया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में वेदपाल प्रांत सह-संपर्क प्रमुख और कैलाश विभाग संघचालक उपस्थित रहे। वेदपाल के कहा कि ने राष्ट्र के प्रति नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज के निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है और बौद्धिक विमर्श के माध्यम से ही राष्ट्र को नई दिशा दी जा सकती है।






मंच पर मुख्य रूप से माखन लाल महानगर संघचालक रामचरण भाग संघचालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन केशव कुमार भाग कार्यवाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय भसीन श्रीकांत रोहित संजीव आदि लीग मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर निकली शोभा यात्रा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में हिंदू 'नव वर्ष जनजागरण शोभा यात्रा' का आयोजन किया गया। इंदिरापुरम ब्राह्मण सभा एवं सनातन समाज के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैभव खंड स्थित शिव शक्ति मंदिर एक्सप्रेस गार्डन से यात्रा प्रारंभ हुई। ढोल-ताशों की थाप और 'जय श्री राम' के गगनभेदी नारों के बीच यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, विभिन्न सोसायटियों के निवासियों ने पुष्पवर्षा और माला पहनाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। स्थानीय निवासी समूहों में जुड़ते गए, जिससे कारवां बढ़ता चला गया। इन सोसायटियों का रहा विशेष सहयोग यात्रा को सफल बनाने में इंदिरापुरम की प्रमुख सोसायटियों और उनकी मंदिर समितियों का विशेष योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं: एक्सप्रेस गार्डन, एटीएस एडवांटेज, आदित्य मेगा सिटी। आम्रपाली रॉयल, लोटस पांड, एचआरसी, आम्रपाली ग्रीन। कृष्णा अपना गार्डन, साया गोल्ड, शिप्रा सन सिटी एवं शिप्रा कृष्णा विस्टा। संकल्प के साथ हुआ समापन यात्रा का समापन जयपुरिया स्थित राधा वल्लभ मंदिर में संध्या आरती के साथ हुआ। नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अपने घरों में भगवा ध्वज फहराएंगे और परिवार व मित्रों के साथ भारतीय संस्कृति के अनुरूप नव वर्ष मनाएंगे।





आयोजन में इनकी रही मुख्य भूमिका यात्रा का नेतृत्व इंदिरापुरम ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष प्रवेश अत्रेय के साथ अखिल कौशिक, हेमंत वाजपेयी, नवीन शर्मा, स्मिता मिश्रा, संजय पांडे अभिनव जैन, हरमीत बख्शी, अंकुर मित्तल, देबाशीष दत्ता, सुशील सैनी मोहित मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# नारी है जगत जननी उनका सम्मान सर्वोपरि : लोकेश दीक्षित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बागपत के वात्सयान पैलेस मे राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन द्वारा रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने कहा नारी जगत जननी है, पालनहार है, भाग्य विधाता है।

बच्चों का प्रथम गुरु ही नारी होती है उनका जितना भी सम्मान किया जा सके उतना ही काम है संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हमारी संस्था महिला सशक्तिकरण के अनेकों कार्य करती





है। संस्था ने 251 समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली बहनों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा का भी अभिनंदन किया गया। नीरज शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि बहनों को जहां भी मेरी जरूरत पड़े मैं हमेशा उनकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी बहनों को शुभकामनाएं दीं।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सभी बहनें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, उन्हें संस्कार दे ताकि वे आगे चलकर इस देश वह अपने समाज का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सचिव सुनील शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र तोमर एडवोकेट, राधेश्याम शर्मा, धर्मेंद्र प्रधान, साक्षी शर्मा, संस्था के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, संस्था की जिला अध्यक्ष आरती शर्मा, नगर अध्यक्ष अमिता शर्मा, अन्नू कौशिक, वर्षा शर्मा, वैशाली शर्मा, आरती मान, मोनिका शर्मा, रजनी शर्मा एडवोकेट, अनुराधा शर्मा, प्रीति शर्मा एडवोकेट, विजय शर्मा, ओम दत्त शर्मा, अशोक पांडे, हिमांशु शर्मा, विकास शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, विनोद शर्मा, महेंद्र दत्त शर्मा, विनीत शर्मा, क्रिश्चियन दत्त शर्मा, केपी शर्मा, आवेश भारद्वाज, कृष्णपाल शर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिले 'राइजिंग स्टार' और 'वुमन अचीवर' अवॉर्ड्स



**मोदीनगर (करंट क्राइम):** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के आंतरिक शिकायत समिति एवं महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य महिला नेतृत्व, सुरक्षा और सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत 6 मार्च को हुई, जहाँ अमेरिका की ब्रिजवाटर स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रो. डायना जे. फॉक्स ने शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से महिलाओं को न्याय दिलाने पर जोर दिया। 12 मार्च को आयोजित 'सेफ्टी स्किल्स वर्कशॉप' में छात्राओं को आत्मरक्षा (री'ी-ीीिल्लरी), योग और नशा मुक्ति का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पीटर एफ. ड्रकर हॉल में 'ब्रेकिंग बैरियर्स' विषय पर विशेषज्ञों ने महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उद्यमिता के नए अवसरों पर मंथन किया। ईश्वरी ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य समारोह में समाज और संस्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। न्यूजीलैंड शिक्षा विभाग की डायरेक्टर सुश्री जुगनू रॉय ने महिलाओं को 'अनस्टोपेबल' बनने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में 'वुमन ऑफ वर्थ', 'वुमन अचीवर' और उभरती प्रतिभाओं के लिए 'राइजिंग स्टार' अवॉर्ड्स प्रदान किए गए। कॉग्नम टेक्नोलॉजीज की सुश्री दीपिका और स्पोर्टाइज की सुश्री ऋचा ममगैन पंत ने अपनी सफलता की कहानियों से छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. धौम्या भट्ट (डीन-क्द्धअउ) ने दिया और समापन डॉ. गीता भवानी (डीन-रिसर्च) के धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूती से दोहराया।

## हिंदू रक्षा दल की बैठक संपन्न

**लोनी (करंट क्राइम)।** रविवार को हिन्दू रक्षा दल द्वारा लोनी तिराहा शिव मंदिर में आगामी 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली हिन्दू धर्मोदय यात्रा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा यात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। बैठक में हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैय्या को भी उपस्थित होना था, किंतु प्रशासन द्वारा उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिए जाने के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। इसके बावजूद संगठन के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और सभी कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ आगामी हिन्दू धर्मोदय यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

ॐ शांति

हमारी पूज्य माताजी श्रीमती वेदवती यादव ( धर्मपत्नी - स्वर्गीय बद्री प्रसाद यादव )
का स्वर्गवास दिनांक 4 मार्च 2026 को हो गया है।



01-01-1937 - 04-03-2026

दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं सदगति हेतु
**तेरहवीं एवं शांति पाठ**
का आयोजन नियमानुसार रखा गया है :

16, मार्च 2026

कार्यक्रम विवरण :

- ब्राह्मभोज : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
- शांति पाठ : दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक

स्थान : वेडिंग क्राउन बैंक्विट (रोयल हाल)
सेक्टर 74 नोएडा

**शोकाकुल परिवार**
बीना यादव - धर्मपत्नी स्व: हरिमोहन यादव (पुत्र)
निर्मल यादव व दयाराम यादव (पुत्री व दामाद)
बीना यादव व राकेश यादव (पुत्री व दामाद)
हार्दिक यादव , अर्पित यादव ( पौत्र )
सृष्टि यादव व स्वतंत्र यादव (पौत्री व दामाद)
उपासना यादव व मयंक गुलयानी (पौत्री व दामाद)
एवं समस्त यादव परिवार

**विनीत :**
धीरज सिंह यादव
इन्जीनियर
मेरठ विकास प्राधिकरण
9810863409

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Sudhir Goel
2m •

सम्मानित महानुभाव, यूं तो जीवन में अनेकों खुशियां मिलती है परंतु जीवन की असली खुशी उस दिन मानी जाती है जब परिणय सूत्र में बंधे हुए जोड़े को संतान की प्राप्ति होती है मेरी दृष्टि में यह जीवन का सबसे बड़ा सुख है आज के दिन यानी के 15 मार्च को शाम 5:10 मिनट पर जब पहली बार मेरी धर्मपत्नी को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई तो मेरी और मेरे परिवार की खुशी की कोई सीमा ही नहीं थी क्योंकि मेरे ज्येष्ठ पुत्र शांतनु गोयल का आज ही के दिन आगमन हुआ था मैं इस अवसर पर अपने पुत्र शांतनु को हृदय से बधाई देता हूं और साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करता हूं की उसके जीवन में अनेकों खुशियां आए और वह प्रगति करें यही मेरी उसके प्रति शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गोविन्दपुरम अनाजमंडी के महासचिव , सुल्लामल रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने अपने जेष्ठ पुत्र सान्तनु गोयल के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने अपने बेटे के लिए सर्वमंगल, सर्वसुख की कामना करते हुए लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की। बधाई शुभकामनाओं से अभिभूत ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

# 'यूएस को पश्चिम एशिया छोड़ देना चाहिए', खाड़ी में बढ़ते तनाव के बीच ईरानी राष्ट्रपति का बड़ा बयान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर चले जाना चाहिए। इस बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। ड्रोन हमले, जहाजों पर हमले और ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाए जाने से वैश्विक तेल सप्लाई पर भी असर पड़ रहा है।

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और शांति के लिए अमेरिका को पश्चिम एशिया से बाहर चले जाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी बात रखते हुए लिखा कि अगर इस इलाके को सुरक्षित बनाना है, तो अमेरिका की मौजूदगी यहां नहीं होनी चाहिए।

**ऊर्जा ठिकाने बन रहे निशाना**

पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष अब काफी बड़ा रूप ले चुका है। अमेरिका, इस्राइल और ईरान एक-दूसरे के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इसकी वजह से पूरी दुनिया में



तेल और गैस की सप्लाई पर संकट पैदा हो गया है। शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा बंदरगाह पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे वहां आग लग गई। खाड़ी मामलों के एक जानकार ने बताया कि यूएई की रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को बीच में ही रोक दिया था। ड्रोन के मलबे के गिरने से आग लगी, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

जानकारों का कहना है कि यह घटना बताती है कि क्षेत्र में तनाव को रोकना अब बहुत जरूरी है। यूएई को उसकी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि व्यापार, कूटनीति और पैसे के लेनदेन में उसकी बड़ी भूमिका की वजह से बार-बार निशाना बनाया जा रहा है।

**आईआरजीसी ने दी चेतावनी**

प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के बैंकिंग ढांचे पर हमले जारी रखे, तो खाड़ी देशों में चल रही अमेरिकी बैंकों की शाखाओं पर हमले और तेज हो सकते हैं। ईरानी अधिकारी नायनी ने बताया कि पड़ोसी देशों में अमेरिकी बैंकों पर हालिया हमले दरअसल ईरान की संपत्तियों पर हुए हमलों का जवाब थे।

इन हमलों की वजह से कुछ समय के लिए बैंकिंग कामकाज में रुकावट भी आई। समुद्री रास्तों पर भी खतरा काफी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो हफ्तों में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में कम से कम 17 जहाजों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है।

# सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए महासचिव गुटेरेस ने भी सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

## ये आज भी 1945 के समय में फंसी है : महासचिव गुटेरेस

**बेरूत।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि इसका ढांचा अब भी 1945 की दुनिया को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वीटो पावर के कारण कई अहम फैसले रुक जाते हैं और अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों का स्थायी प्रतिनिधित्व नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दशार्ती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था।

**क्या बोले यूएन महासचिव**

बेरूत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य



हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल है।

### भारत कर रहा स्थायी सदस्यता की मांग

भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती। भारत ने कई बार जोर दिया है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पूरा हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में अस्थाई सदस्य के तौर पर परिषद का हिस्सा था। आज की सुरक्षा परिषद दुनिया में शांति बनाए रखने में नाकाम साबित हो रही है। यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और ईरान के खिलाफ चल रहे तनाव जैसे बड़े मुद्दों पर परिषद के सदस्य आपस में बुरी तरह बंटे हुए हैं।

**काम के तरीके पर उठाए सवाल**

गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'वीटो' पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती।

जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थायी सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा।

सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है। बाकी 10 अस्थाई सदस्यों को दो साल के लिए चुना जाता है, लेकिन उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता।

# ईरान की चेतावनी के बाद हमले तेज, खार्ग द्वीप को लेकर सऊदी पर लगा ये आरोप

**अबू धाबी।** ईरान और इस्राइल के बीच जारी युद्ध का असर अब खाड़ी देशों तक पहुंचने लगा है। ईरान की ओर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े बंदरगाहों को खाली करने की चेतावनी के बाद क्षेत्र में नए हमले हुए हैं। युद्ध में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की मौत का दावा किया गया है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब खाड़ी देशों तक फैलने का खतरा पैदा कर रहा है। ईरान की ओर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े बंदरगाहों को खाली करने की चेतावनी के एक दिन बाद रविवार सुबह खाड़ी देशों में नए हमलों की खबर सामने आई। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि समुद्री रास्तों और ऊर्जा आपूर्ति पर भी संकट की आशंका जताई जा रही है।

ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात के बंदरगाहों और ठिकानों का इस्तेमाल कर उसके खार्ग द्वीप पर हमला किया। यह द्वीप ईरान के तेल निर्यात का मुख्य केंद्र माना जाता है। हालांकि ईरान ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि सहयोगी देश होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे।

### क्या ईरान ने नेतन्याहू को मारने की धमकी दी



ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। सरकारी एजेंसी के अनुसार गार्ड ने कहा कि अगर नेतन्याहू जीवित हैं तो उन्हें हर हाल में खोजकर खत्म किया जाएगा। उधर इस्राइली सेना का कहना है कि ईरान ने फिर से मिसाइलों की नई खेप इस्राइल की ओर दागी है। कई इलाकों में सायरन बजाए गए और वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया।

**क्या महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या में मौत हुई?**

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध में अब तक बड़ी संख्या में नागरिकों की जान गई है। मंत्रालय के अनुसार अमेरिकी और इस्राइली हमलों में अब तक 223 महिलाओं और 202 बच्चों की मौत हुई है। वहीं ईरान की रेड क्रिसेंट संस्था का दावा है



कि कुल मिलाकर 1300 से ज्यादा लोग इस युद्ध में मारे जा चुके हैं। इन आंकड़ों ने युद्ध की मानवीय कीमत को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

**क्या शिराज में रिहायशी इलाके पर हमला हुआ?**

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार रविवार तड़के दक्षिणी शहर शिराज के एक गरीब रिहायशी इलाके पर हमला किया गया। बताया गया है कि यह हमला शहर के दक्षिण-पूर्व हिस्से में हुआ।

इसमें मजदूरों और सामाजिक कल्याण योजना से जुड़े लोगों के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। इस हमले पर अमेरिका और इस्राइल की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इससे पहले इस्राइल ने कहा था कि उसने शिराज में मिसाइल से जुड़े एक ठिकाने को निशाना बनाया था।

# 'होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद', ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और इससे उपजा तेल संकट गहराता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों से होर्मुज में अपनी नौसेना भेजने की अपील की है। जिसके बाद ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और सिर्फ अमेरिका और इस्राइल के जहाजों के लिए ही बंद है।



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और यह रणनीतिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और इस्राइल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा।

**क्या बोले ईरानी विदेश मंत्री**

अराघची ने एक बातचीत के दौरान कहा, 'होर्मुज जलडमरू खुला है। यह केवल हमारे दुश्मनों, अमेरिका और उसके सहयोगियों के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी के लिए आवागमन पर कोई रोक नहीं है।' होर्मुज में ईरानी नाकेबंदी को लेकर किए गए सवाल पर अराघची ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के चलते ये नाकेबंदी की गई है। रूस और चीन को लेकर अराघची ने कहा, 'रूस और चीन हमारे रणनीतिक साझेदार हैं। अतीत में हमारा घनिष्ठ सहयोग रहा है, जो अभी भी जारी है। इसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है।'

**'होर्मुज स्ट्रेट खुला है, पर नियंत्रण हमारे पास है' आईआरजीएस कमांडर:** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया है कि दुनिया में तेल ले जाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता होर्मुज स्ट्रेट अभी भी खुला है और उस पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है।

## इटली और स्पेन में युद्ध विरोधी प्रदर्शन, इस्राइली हमले में चार फलस्तीनी की मौत

**इटली।** इटली की राजधानी रोम में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों और इटली की सरकार द्वारा प्रस्तावित न्यायिक सुधारों के खिलाफ आवाज उठाई। 22-23 मार्च को होने वाला जनमत संग्रह इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार के लिए एक अहम राजनीतिक परीक्षा बन गया है। अगले वर्ष होने वाले चुनावों से पहले न्यायिक सुधारों को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच टकराव तेज हो गया है। रोम के केंद्रीय इलाके में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेड यूनियनों के लाल झंडे और फिलिस्तीन व क्यूबा के झंडे लहराते हुए मेलोनी सरकार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। हालांकि रैली शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुई। एक प्रदर्शनकारी सैंड्रा पागानिनी ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा तय सहअस्तित्व की व्यवस्था को कमजोर कर रही हैं और दुनिया को बड़े संघर्ष की ओर धकेल रही हैं।

### इस्राइली हमले में चार फलस्तीनी की मौत

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में रविवार को हुए इस्राइली हवाई हमले में कम से कम चार फलिस्तीनी मारे गए, जिसमें एक बच्चा और उसकी गर्भवती मां भी शामिल हैं, अस्पताल अधिकारियों ने बताया। हमले में नुसैरत शरणार्थी कैंप में एक घर को निशाना बनाया गया, जहां एक दंपति और उनका छोटा बेटा मारा गया। चौथा घायल व्यक्ति नुसैरत के अव्दा अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई।

### मोजाम्बिक से सैनिक वापस बुला सकता है रवांडा

**नई दिल्ली।** रवांडा ने चेतावनी दी है कि अगर आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए स्थायी वित्तीय सहायता सुनिश्चित नहीं की गई तो वह मोजाम्बिक से अपने सैनिक वापस बुला सकता है। रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहंगिरेहे ने सोशल मीडिया पर कहा कि मोजाम्बिक में तैनात रवांडा के सैनिकों की लगातार आलोचना की जा रही है, जबकि उन्हीं देशों को इस अभियान से फायदा मिल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पर्याप्त फंडिंग नहीं मिली तो सैनिकों की वापसी तय है। रवांडा की सेना मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत काबो डेलगाडो में 2017 से सक्रिय इस्लामिक स्टेट से जुड़े उग्रवादियों के खिलाफ अभियान में मदद कर रही है। यह क्षेत्र 2021 में तब चर्चा में आया था जब विद्रोहियों ने तटीय शहर पाल्मा पर हमला कर कई लोगों की हत्या कर दी थी। इस हमले के बाद फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज को करीब 20 अरब डॉलर की गैस परियोजना रोकनी पड़ी थी, जो मोजाम्बिक की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम मानी जाती है। इसी वजह से वहां की सरकार ने 2021 में रवांडा के शांति सैनिकों की तैनाती का स्वागत किया था।

# इराक में अमेरिकी ठिकानों पर शिया समूह का हमला; पश्चिमी ईरान पर इस्राइल का भीषण हमला

**संयुक्त राष्ट्र।** पश्चिम एशिया में संघर्ष दिन-ब-दिन और भी भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से तड़पता ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। अब तक इस हिंसक टकराव में लगभग 1,450 लोगों की मौत हो चुकी है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष 16वें दिन में प्रवेश कर चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमले जारी हैं, जबकि कतार और बहरीन जैसे खाड़ी देशों ने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है।

**इस्राइल ने पश्चिमी ईरान पर बड़े पैमाने पर शुरू किए हमले**

इस्राइल की सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान में बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। सेना के मुताबिक कुछ ही समय पहले इजराइली बलों ने ईरानी शासन के सैन्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाते हुए व्यापक हमलों की कार्रवाई शुरू की। इस्राइली सेना



का कहना है कि ये हमले ईरान के पश्चिमी हिस्से में स्थित उन ढांचों पर किए जा रहे हैं जिन्हें वह सुरक्षा के लिए खतरा मानती है। अभी तक हमलों से हुए नुकसान या हताहतों के बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

**इराक में अमेरिकी ठिकानों पर हमला**

इराक में सक्रिय शिया मिलिशिया समूह सराया अवलिया अल-दम ने अमेरिकी ठिकानों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह ने कहा कि यह हमला इरान के पूर्व सुप्रीम नेता अयतुल्लाह अली खामनेई और उनके सहयोगियों की मौत का बदला है। हमले में इरबिल के एक अमेरिकी स्थल और बैगदाद एयरपोर्ट के विक्टोरिया बेस को निशाना बनाया गया।

**हिजबुल्ला का दावा- इस्राइली सैनिकों पर रॉकेट और तोप से हमला**

लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसने इस्राइल के सैनिकों पर रॉकेट और तोपखाने से हमला किया। रॉकेट हमला कैल्फ हिल साइट पर किया गया, जो कफर युवाल बस्ती के उत्तर में स्थित है। वहीं, जिबिया प्वाइंट पर, जो लेबनान के मेइस एल-जबल शहर के सामने है, सैनिकों को निशाना बनाकर तोप से भी हमला किया गया। हिजबुल्ला के मुताबिक, ये हमले आज सुबह किए गए उनके चौथे हमले हैं।

**ईरान ने इस्राइल और अमेरिकी ठिकानों पर हमलों का दावा किया**

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया है कि उसने इस्राइल और इराक तथा कुवैत में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। IRGC ने एक बयान में कहा कि इजराइल में एम्बुलेंस की लगातार आवाजें और अधिकारियों द्वारा बढ़ते मृतकों और घायल लोगों की संख्या के खुलासे यह दिखाते हैं कि उनके भारी मिसाइल हमलों का प्रभाव उद्योगिक क्षेत्रों में गहरा पड़ा है। इस बयान में कहा गया कि टेल अवीव के औद्योगिक क्षेत्रों में भारी मिसाइल हमलों से गंभीर नुकसान हुआ।

साथ ही IRGC ने कहा कि इराक के एरबिल में हरिर एयरबेस और कुवैत में अमेरिकी सैनिकों के ठिकाने अली अल सलेम और अरिफजान बेस को भी शक्तिशाली ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से नष्ट कर दिया गया। ईरान का कहना है कि ये हमले अमेरिकी और इजराइली सैन्य ठिकानों पर किए गए हैं, और उनका मकसद क्षेत्र में अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करना है। बगदाद हवाई अड्डा और जेल के आसपास हाल के दिनों में बार-बार हमलों का शिकार- इराक

इराक की न्याय मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि बगदाद इंटरनेशनल जेल और सेंट्रल एयरपोर्ट जेल के आसपास के क्षेत्र हाल के दिनों में लगातार हमलों का सामना कर रहे हैं। इराक की समाचार एजेंसी के हवाले से मंत्रालय के प्रवक्ता अहमद लैबी ने बताया कि कुछ हमले जेल के बहुत ही करीब हुए हैं। उन्होंने कहा शनिवार को सबसे गंभीर हमले हुए, शाम 6 बजे (15:00 GMT) से अब तक छह बार हमले किए गए, जिनमें कुछ हमले जेल के नजदीक हुए, जो उच्च-जोखिम वाले आतंकवादी कैदियों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता पैदा करते हैं।

### ईरान ने यूएई के अल-धाफरा एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाया

ईरान ने घोषणा की है कि उसने यूएई के अल-धाफरा एयरबेस में तैनात अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुसार, इस हमले में 10 मिसाइलें दागी गईं और अज्ञात संख्या में ड्रोन भी इस्तेमाल किए गए। ईरानी समाचार एजेंसियों ने IRGC के बयान को प्रकाशित किया है। अभी तक हमले में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। यह हमला क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अमेरिका के सैन्य मौजूदगी को लेकर आया है।

# खर्ग पर हमले के बाद पलटवार के मूड में ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब खाड़ी देशों तक तनाव बढ़ाता दिख रहा है। अमेरिका के ईरान के खर्ग द्वीप स्थित तेल केंद्र पर हमले के बाद ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के तीन बड़े बंदरगाहों दुबई के जेबेल अली, अबू धाबी के खलीफा और फुजैराह के आसपास के इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी है।

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच हालात लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कुछ बड़े बंदरगाहों के पास धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई। इसी बीच ईरान ने यूएई के लोगों को दुबई, अबू धाबी और फुजैराह के बड़े बंदरगाहों के आसपास के इलाकों को तुरंत खाली करने की चेतावनी दी है।

दरअसल, यह चेतावनी उस समय आई जब अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित तेल केंद्र पर हमला किया। खर्ग द्वीप ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है और यहां से देश के लगभग 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है। ईरान की इस चेतावनी के बाद उसकी सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने भी यूएई के नेतृत्व को कड़ा संदेश दिया।

# कुवैत और यूएई में भारतीयों के लिए दूतावास की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में मौजूदा हालात को लेकर सभी देशों में भारतीय दूतावास अलर्ट पर हैं। कुवैत में भारतीय दूतावास की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, राजदूत परमिता त्रिपाठी ने आज कुवैत में काम कर रही भारतीय एयर कैरियर्स के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बातचीत की।

कुवैत में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए कुवैत में एयरलाइन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ रेगुलर तालमेल बनाए रखते हुए राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत में काम कर रही भारतीय एयर कैरियर्स के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बातचीत की।

भारतीय दूतावास ने लिखा, संयुक्त अरब अमीरात के सिविल एविएशन प्राधिकरण के निर्देशों के आधार पर एयरलाइंस संशोधित और सीमित उड़ान शेड्यूल जारी कर रही हैं। अबू धाबी, दुबई, आरएके (रस अल खैमाह), शारजाह और फुजैराह के हवाई अड्डे से भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए सीमित उड़ानें संचालित की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क किया जा सकता है।

इससे पहले यूएई में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने सीजी सतीश सिवन के साथ यूएई में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और समुदाय की भलाई पर चर्चा की। उन्हें भरोसा दिलाया गया कि दूतावास और कॉन्सुलेट पूरी तरह से काम कर रहे हैं।

जरूरतमंद भारतीयों की मदद के लिए 24७7 हेल्पलाइन उपलब्ध है। वहीं एयर इंडिया ने यूएई के लिए विमान के संचालन को लेकर कहा, ₹यूएई एयरपोर्ट प्राधिकरण के निर्देशों के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को 15 मार्च के लिए अपने एड-हॉक ऑपरेशन्स को और सीमित करना पड़ रहा है। आज अबू धाबी, रास अल खैमाह और शारजाह के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की सभी प्लान की गई फ़्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं।

### 15 मार्च के लिए विमानों के संचालन में फेर-बदल

भारतीय दूतावास ने कहा कि राजदूत परमिता ने कुवैत से सऊदी अरब के रास्ते भारत आने वाले भारतीय नागरिकों की इमरजेंसी यात्रा में मदद करने के लिए इलाके में भारतीय एयर कैरियर्स के मौजूदा ऑपरेशनल स्टेटस की समीक्षा की। उन्होंने दोहराया कि कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा, सुरक्षा और भलाई दूतावास की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी कर विमान के शेड्यूल से संबंधित जानकारी साझा की है। एयरलाइन ने बताया है कि 15 मार्च के लिए विमानों के संचालन में फेर-बदल किया गया है।



# किम जोंग उन ने बेटी के साथ देखा रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण

### - अमेरिका-दक्षिण कोरिया को दी चेतावनी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ रॉकेट लॉन्च सिस्टम के लाइव परीक्षण का निरीक्षण किया। यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के जवाब में किया गया। दक्षिण कोरिया ने इसे उकसाने वाली कार्रवाई बताते हुए संयुक्त राष्ट्र नियमों का उल्लंघन कहा।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ मिलकर रॉकेट लॉन्च सिस्टम का परीक्षण देखा। सरकारी मीडिया ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे सैन्य अभ्यास के जवाब में किया गया है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास को अपने देश पर हमले की तैयारी मानता है। इस ड्रिल में 600 मिलीमीटर के अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चर शामिल थे। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उन्होंने उत्तर कोरिया की राजधानी के पास से पूर्वी समुद्र की ओर करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें गिरती हुई देखीं। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन नियमों का उल्लंघन है, जो उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक गतिविधियों पर रोक लगाते हैं। किम जोंग उन ने कहा कि इस अभ्यास से दुश्मनों के मन में डर पैदा होगा।


**NAME CHANGED**

I, MANISH ARORA, S/o Sh. Satish Kumar Arora, R/o 65/10, Lal Quarter, Lohia Nagar, Ghaziabad, U.P.-201001, do hereby declare that my daughter's name has been changed from SAIJAL ARORA to SEJAL ARORA for all future purposes. Her old name is mentioned in Passport No. U3420871, while the corrected name SEJAL ARORA is already updated in her Birth Certificate and Aadhaar Card (No. 885756594622).

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | सोमवार • 16 मार्च -2026






# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत मंडलवार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजनगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग संजय नगर सेक्टर-23 स्थित भगीरथ पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी के नेतृत्व में किया गया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ नेताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने कार्यकताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा तथा राष्ट्रसेवा के मूल्यों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रथम एवं चतुर्थ सत्र में पूर्व महापौर आशु वर्मा, द्वितीय सत्र में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नरेश सिरोही, तृतीय सत्र में गेल निदेशक संजय कश्यप, पंचम सत्र में महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह, छठे सत्र में सांसद अतुल गर्ग तथा सातवें सत्र में सूचना प्रौद्योगिकी संयोजक मीत गर्ग ने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ सत्र में राज्य सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप विशेष आमंत्रित अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

सांसद अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित सरकारों द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना,



उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत अभियान तथा किसानों और निर्धन वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है।

इस प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व महापौर आशु वर्मा ने वर्ग प्रभारी तथा प्रदीप चौधरी ने राजनगर मंडल प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक के रूप में दायित्व निभाते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। वर्ग प्रभारी आशु वर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं को विचार, संगठन, अनुशासन तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प से और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, डीएन सिंह, सुशील गौतम, प्रदीप चौहान, पार्षद पप्पू नागर, राजेंद्र तितौरिया, कपिल वशिष्ठ, विनीत शर्मा, कामेश्वर त्यागी, वीरेंद्र सारस्वत, जय कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज गिरी, अभिजीत मुखर्जी, करण शर्मा, मनीष मित्तल, पूजा सिंह, कौशल शर्मा, कौशल तेवतिया, कविता चौहान, ऋतु त्यागी, सुमेधा, अनुज राघव सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**श्रद्धांजलि**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम की जयंती पर सपा नेताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने मान्यवर काशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के संवाहक महापुरूष किसी एक दल या समाज की नहीं अपितु पूरे राष्ट्र की धरोहर होते हैं। मान्यवर काशीराम के सिद्धांतों पर चलते हुए हमें समता मूलक समाज की स्थापना करनी है और समाजवाद के सिद्धांत को राष्ट्र में लागू करना है।

## गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन की जिला इकाई का चुनाव सम्पन्न

### पार्षद नीरज गोयल पांचवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन की गाजियाबाद जिले की इकाई का चुनाव चुनाव अधिकारी विपिन चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में पार्षद नीरज गोयल को पांचवीं बार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संस्था की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें चेयरमैन के रूप में अजय मदान (सामान्य), वाइस चेयरमैन राजीव कंबोज (बधिर), उपाध्यक्ष सर्वेश वर्मा (सामान्य), सलाहकार जसबीर सिंह (सामान्य), उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा (बधिर), महासचिव प्रदीप कुमार (बधिर), कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता (बधिर), संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार कपिल (बधिर) तथा खेल सचिव के रूप में विकास तोमर (बधिर) को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हिमांशु शर्मा (बधिर), कुलदीप सिंह (बधिर), पंकज खन्ना (बधिर), सुरेश कुमार (बधिर) तथा अंजू श्रीवास्तव (बधिर) को नवनिर्वाचित किया गया। चुनाव के दौरान संस्था के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि हम सभी को मूक-बधिर लोगों के साथ सरल और संवेदनशील व्यवहार रखना चाहिए। मूक-बधिर समाज का कोई भी व्यक्ति हमारे ही परिवारों और समाज का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी मूक-बधिर समाज के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं और आगे भी उनके हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे।






- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब कुरेदा किसी खास को, तो सामने आयी अंदर की बात? संगठन का पद हो, एमएलसी चुनाव हो या हो फिर कोई और व्यवस्था? मूल कार्यकर्ता को छोड़कर किसी की भी सिफारिश नहीं करेंगे गर्ग साहब? खास ने कहा भाजपाई विचारधारा से ही नहीं चलेगा काम? वो उसके लिए कहेंगे जो कर रहा है पूरी सक्रियता से पार्टी के लिए काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? जो किसी को बुरी लग सकती है तो किसी को लग सकती है नाईस? आज गाजियाबाद के बड़े वैश्य चेहरे दे सकते हैं सभी को बड़ा वाला सरप्राईज? इनके इस सरप्राईज से आयेगी एक सांवरे से चेहरे पर मुस्कान? कुछ ऐसा ही आज होने जा रहा है श्रीमान? ये हो जायेंगे यहां की दावेदारी से दूर? मगर कद इनका जबरदस्त बढ़ रहा है हुजूर? भगवा से पीले हो जायेंगे इनके अंदाज? बस कुछ घंटों की बात है, थोड़ा इंतजार कीजिये आप?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन के गठन को लेकर आ रही है अंदर से बात? कहने वाले ने कहा यहां पर नहीं चले गर्ग साहब और उनके प्रिय शर्मा जी पत्ते? सामने वाले ने चला कुछ ऐसा ही दांव? कहने वाले ने कहा चलती तो आता प्रमुख पदों पर इनके चहेतों का नाम? लाला मंत्री पद तक को लेकर बना हुआ है? किसी ने माहिर योद्धा की तरह कर दिया है इनकी सिफारिशों को नाकाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी ने पूरे बल से किये हैं अपने रावल का हल कराने के प्रयास? उन्होंने दिखाया है ये ठाकुर चेहरा कितना है उनका खास? कहने वाले ने कहा अब तो ये वक्त ही बतायेगा? ये चेहरा तीन में आयेगा या नहीं आयेगा? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने तो पूरी कोशिश की है कि इसका नाम हो जाये फिक्स? कोई कह रहा है मामला बन गया है? कोई बता रहा है स्टोरी में है ट्विस्ट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पहली बार गर्ग साहब के खास दिखे उनसे काफी नाराज? वो बोले आप ही बताओ ये बात कहां तक ठीक है भाई साहब? अगर इतनी बड़ी जिम्मेदारी होने के बावजूद वो नहीं करेंगे मंडल और महानगर के पदाधिकारियों की सिफारिश? तो फिर किस तरह आयेंगे वो कार्यकर्ताओं के काम? ये सिफारिशें भी कौन सी रोज-रोज करनी होती हैं? इनका तो बनता है तीन साल में एक बार ही प्रोग्राम? वैसे भी पार्टी कौन सा मांग रही है उनसे क्षेत्र से लेकर प्रदेश तक की राय? कहना चाहिए उनको कार्यकर्ताओं के लिए? यूं चुप रहने से काम ना चल पायेगा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात मैं दिल से कह रहा हूं आपको जनाब? अगर चुटिया वाले त्यागी जी और धीरज रखने वाले शर्मा का टीम में नहीं आया नाम? सच बताऊं तो हो जायेगा मेरा मूड खराब? इन दोनों का रहा है सक्रियता का किरदार? नहीं बड़े हैं इनके राजनतिक परिवार? ये तो अपने दम पर कर रहे हैं पार्टी में काम? अगर इनके साथ भी हो गयी गुटबाजी तो फिर प्रमुख पदों पर कैसे आयेगा सामान्य कार्यकर्ताओं का नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी तो मुख्य रूप से है गागर में सागर भरने वाले नागर जी पर नजर? साथ ही हम देखना चाहते हैं कि करने वाले ने कितनी की है चाबी खोने वाले त्यागी जी की फिक्र? हमें इतना तो है अहसास, ये टीम में स्थान बना रहे हैं साहब? मगर सवाल ये है कि क्या ये दोनों महामंत्री वाला हासिल कर पायेंगे रोल? इन दोनों के बारे में जानने को लेकर बाहर बना हुआ है कुछ ऐसा ही माहौल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब होगी भगवा संगठन की घोषणा? देखना दो जोड़ीदारों के बीच बनेंगे थ्री ईडियट वाली फिल्म के हालात? जब आयेगा रिजल्ट तब इनमें से एक आयेगा फर्स्ट? कोई होएगा सिर्फ पास? देखना अब ये है कि फर्स्ट आने वाले को लेकर पास होने वाले मित्र की क्या मुस्कुराहट रहेगी उतनी ही कायम? क्या अपना दिल वो कर पायेंगे इस घटना के बाद पूरी तरह से मुलायम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सॉफ्टवेयर को लेकर अभी तक नहीं आया है निगम वालों के पास कोई अपडेट? कहने वाले ने कहा कि जैसे ही हमें आदेश मिलेंगे पुराना वाला सॉफ्टवेयर यहीं पर सेट? टैक्स देख रहे कर्मचारी ने कहा हम पूरी तरह अपडेट हैं, बस सीन उधर से ही है लेट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर की राजनीति से जुड़े दो भगवा चेहरों ने कर ली है अब मेरठ वाले दफ्तर की तैयारी? वो कह चुके हैं कि हमें पता है हमें नहीं मिलने जा रही है महानगर में कोई जिम्मेदारी? वो लखनऊ और दिल्ली में तलाश रहे हैं कनैक्शन? वो कह रहे हैं हम मोर्चा में रहेंगे और खेलेंगे क्षेत्रीय वाली पिच पर पारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भक्ति की वर्षा के बीच गूंजा हनुमान चालीसा चिन्मय मिशन ने मनाया अमृत महोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चिन्मय मिशन की स्थापना के गौरवमयी 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, आज कविनगर स्थित रामलीला मैदान में 'अमृत महोत्सव' के अंतर्गत भव्य 108 कुण्डीय श्री हनुमान चालीसा यज्ञ का आयोजन किया गया। पूज्य स्वामी शारदानंद सरस्वती जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुए इस महायज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने समष्टि कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं।



कार्यक्रम के शुभारंभ पर अचानक हुई वर्षा ने व्यवधान डाला, किंतु हनुमान भक्तों की अटूट श्रद्धा और धैर्य के सामने प्रकृति भी नतमस्तक दिखी। वर्षा रुकते ही भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया और प्रभु कृपा से यज्ञ का संकल्प सफलतापूर्वक आगे बढ़ा। पूज्य स्वामी जी के निर्देशन में मुख्य यजमान श्री कृष्णावतार गर्ग ने मंच से विधिवत पूजन संपन्न कराया। 'जपें हनुमान बनें गुणवान' के ध्येय वाक्य के साथ, उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए यज्ञ में आहुति अर्पित की। कार्यक्रम के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में चिन्मय मिशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा



कि ऐसे आयोजन समाज में नैतिक और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। यज्ञ में प्रमुख लोगों ने सहभागिता की: संत नवनीत प्रिय दास, संजीव गुप्ता, ललित जायसवाल, वेदप्रकाश बंसल, योगेश कंसल, विजय मित्तल एवं अन्य। इस वृहद आयोजन की सफलता चिन्मय मिशन की ब्रह्मचारिणी प्रणति चैतन्य के कुशल मार्गदर्शन और संस्थान के समर्पित सेवकों के अथक परिश्रम का परिणाम रही। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में हनुमान जी के गुणों को आत्मसात कर एक चरित्रवान राष्ट्र का निर्माण करना था।

# यूपीएससी में 278वीं रैंक हासिल करने पर वनज विद्यान को विधायक अजीत पाल त्यागी ने दी बधाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ज्योति सुपर विलेज सोसाइटी निवासी वनज विद्यान ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 278वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि वनज विद्यान की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



कठिन परिश्रम और लगन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद राजकुमार, पूर्व पार्षद संजीव त्यागी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे और वनज विद्यान को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

# पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने चलाया सफाई अभियान दिया स्वच्छता का संदेश

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 नीतीखंड-3 में रविवार को वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्षद डॉ. अनिल तोमर के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, निगम कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





अभियान के दौरान पार्षद डॉ. अनिल तोमर के साथ पार्षद प्रतिनिधि लीना चौहान तोमर और प्रदीप गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर क्षेत्र की गलियों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की। डॉ.अनिल तोमर ने खुद झाड़ू थामकर जनता को जागरूक किया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. अनिल तोमर ने कहा, हमारा संकल्प अपने वार्ड को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाना है। क्षेत्र की जनता की सेवा और विकास के लिए हम सदैव समर्पित हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें, क्योंकि जनता का सहयोग ही क्षेत्र को बेहतर बनाने की सबसे बड़ी ताकत है।

इस मौके पर विकास राजपूत, अनुभव सिंह, प्रदीप चौहान, कपिल कुमार, मनोज झा। पवन शर्मा, राजीव रंजन, पाठक जी, महाराज जी, प्रोफेसर जयवीर सिंह। धीरज जोशी, राम विनय, अभय त्रिपाठी, मुकेश शर्मा, हेमंत ठाकुर, राम प्यारे और हरीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

ॐ शांति

हमारी पूज्य माताजी श्रीमती वेदवती यादव (धर्मपत्नी - स्वर्गीय बद्री प्रसाद यादव) का स्वर्गवास दिनांक 4 मार्च 2026 को हो गया है।



01-01-1937 - 04-03-2026

दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं सदगति हेतु
**तेरहवीं एवं शांति पाठ**
का आयोजन नियमानुसार रखा गया है :

**16, मार्च 2026**

कार्यक्रम विवरण :

- ब्राह्मभोज : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
- शांति पाठ : दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक

स्थान : वेडिंग क्राउन बैंक्विट (रोयल हाल)
सेक्टर 74 नोएडा

**शोकाकुल परिवार**
बीना यादव - धर्मपत्नी स्व: हरिमोहन यादव (पुत्र)
निर्मल यादव व दयाराम यादव (पुत्री व दामाद)
बीना यादव व राकेश यादव (पुत्री व दामाद)
हार्दिक यादव , अर्पित यादव ( पौत्र )
सृष्टि यादव व स्वतंत्र यादव (पौत्री व दामाद)
उपासना यादव व मयंक गुलयानी (पौत्री व दामाद)
एवं समस्त यादव परिवार

**विनीत :**
धीरज सिंह यादव
इन्जीनियर
मेरठ विकास प्राधिकरण
9810863409

## साइबर अपराधी पकड़ा, बेरोजगारों को एमएनसी में नौकरी दिलाने के नाम पर करता था ठगी

**नोएडा।** मल्टीनेशनल कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों को कॉलिंग (फोन) कर ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को थाना साइबर क्राइम पुलिस व थाना फेस-वन पुलिस ने संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अब तक कई लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। डीसीपी साइबर ने बताया कि मल्टी नेशनल कंपनियों (एमएनसी) में जॉब के नाम पर कॉल कर धोखाधड़ी से म्यूल बैंक खातों में पैसा प्राप्त कर हो रही साइबर ठगी करने वाले तथा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में प्रयुक्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जाँच व लोकल इंटेलीजेंस की सूचना के आधार पर साइबर अपराधी सचिन कुमार मण्डल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह साइबर अपराधी फैशन एण्ड रिटेल फर्म की आड़ में आम व्यक्तियों को स्टेप हैड कम्पनी के नाम से फोन कर मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करता था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना साइबर क्राइम नोएडा में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।